# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025




## पीएम इंटर्नशिप के लिए आवेदन का एक और मौका

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए पंजीकरण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। यदि आपने अभी तक इस योजन के लिए आवेदन नहीं किया है, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है। अब छात्र पीएम इंटर्नशिप की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस चरण में कुल 1 लाख अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इससे पहले, पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च थी। इसके अलावा, सभी छात्रों के लिए आवेदन निःशुल्क है।











### रायपुर से झारखंड लेकर जा रही थी पुलिस, छुड़ाने के लिए उसके लोगों ने फेंके बम, फिर मुठभेड़

# शूटआउट में मारा गया बड़ा गैंगस्टर अमन, लॉरेंस गैंग से था संबंध, रायपुर में भी चलाई थी गोलियां

*झारखंड-छत्तीसगढ़ में आतंक फैलाने वाले कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। झारखंड पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। झारखंड पुलिस की टीम अमन को रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने सोमवार रात को सेंट्रल जेल रायपुर से रिमांड पर रांची लेकर जा रही थी।*

**अति का अंत... 200 से अधिक वारदातों के आरोपी की ऐसी मौत**



खास खबर

*__हरिभूमि न्यूज/रायपुर।__ सुबह करीब 9 बजे के आसपास पुलिस की टीम जैसे ही पलामु के चैनपुर पहुंची तभी पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ऐसी खबर है कि गाड़ी पर अमन गैंग के कुछ लोगों ने बम फेकें थे, जिसके बाद गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान गैंगस्टर पुलिस जवान की रायफल छीनकर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान अमन की रायफल से चली गोली से एक जवान के भी घायल होने की जानकारी है, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है।*

### दो सौ से ज्यादा केस दर्ज

*रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के छोटे गांव मतवे का रहने वाला अमन के खिलाफ झारखंड में 8 से अधिक जिलों में दो सौ से अधिक केस दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार अमन ने अपराध की दुनिया में 17 वर्ष की उम्र में कदम रखा था, वहीं 2013 में अपना गैंग बना लिया था। उसका गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी गहरा संबंध था। उसके गैंग का आतंक इतना ज्यादा था कि झारखंड के कारोबारी, बिल्डर्स और ठेकेदार सभी दहशत में रहते थे। अमन के मारे जाने के बाद अब सभी राहत की सांस लेंगे।*





### रायपुर के कारोबारी को डराने कराई थी फायरिंग


अमन साहू के लिस्ट में छत्तीसगढ़ के भी कई कारोबारी थे। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में भी एक कारोबारी पर शूटरों ने फायरिंग की थी। इस फायरिंग के पीछे अमन गैंग का ही हाथ था। पुलिस ने इसी फायरिंग के मामले में चार शूटरों को दूसरे राज्यों से गिरफ्तार किया था। अमन उस समय झारखंड जेल में बंद था। वह जेल में रहकर ही गैंग को ऑपरेट करता था। रायपुर पुलिस ने इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर अमन को पूछताछ के लिए रायपुर लाई थी।

### सोशल मीडिया में अमन का फोटो पोस्ट

अमन फेसबुक पर काफी एक्टिव था। सूत्रों के अनुसार उसका सोशल मीडिया विदेशों से ऑपरेट किया जाता था। हैरानी की बात यह है कि एनकाउंटर से करीब 15 घंटे पहले उसकी सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट की गई थी। इस फोटो में वो एक बड़े सोफे पर टशन में बैठा नजर आ रहा है। कुख्यात गैंगेस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर निकली थी।



### अमन को ट्रांजिट रिमांड पर अक्टूबर 2024 को लाया गया था रायपुर



रायपुर पुलिस ने गैंगस्टर अमन को प्रोटक्शन रिमांड पर 14 अक्टूबर को देर रात झारखंड और रायपुर के सशस्त्र 40 पुलिस अधिकारी-कर्मियों की कड़ी निगरानी में झारखंड से रायपुर लाया था। यहां लाए जाने के बाद 15 अक्टूबर को उसे कोर्ट में पेश कर 5 दिन के लिए रिमांड पर भेजा था। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे 19 अक्टूबर को पुनः कोर्ट में पेश उसे 28 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस तरह अमन तब से रायपुर जेल में ही था। अमन के झारखंड में ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### 100, 200 रुपए के जारी होंगे नए नोट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के बैंक नोटों के समान है। इस बीच, रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए जा चुके 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

**महासमुंद जिले की घटना**

## बिजली गुल फसल बरबाद किसान ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघनपुर में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों का कहना है कि बिजली कटौती और फसल बर्बाद होने की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ा है। वहीं पुलिस ने इस मामले में जांच से पहले कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है। मामला जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर का है, जहां मंगलवार सुबह ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कलेक्टर ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

मामले में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि किसान की आत्महत्या की खबर मिली है। लेकिन, बिजली कटौती का कारण होना जांच का विषय है। जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। एसडीएम और थानेदार को जांच के लिए कहा गया है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई-3 स्थित पद्मनगर बंगले पर ईडी ने सोमवार को दी थी दबिश

## ईडी अफसरों के वाहन पर हमला करने वाले 29 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

भिलाई-3 स्थित पदुमनगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब भूपेश बघेल के निवास स्थान पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर वापसी के दौरान कार्रवाई का विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया था। ईडी की गाड़ियों पर पथराव की खबर थी। वाहन चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल एवं 29 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



शराब घोटाले की जांच भूपेश आवास तक पहुंची, 14 ठिकानों पर छापे, कांग्रेस का हंगामा

### ईडी के कार ड्राइवर ने दर्ज कराई रिपोर्ट

गौरतलब है कि सोमवार की अलसुबह पद्मनगर भिलाई-3 स्थित पूर्व सीएम के निवास स्थान पर कथित शराब घोटाले को लेकर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी थी। 10 घंटे की पड़ताल के बाद ईडी की टीम ने 33 लाख रुपए बरामद कर साथ लेकर गए। जब ईडी की टीम सोमवार की शाम 6.15 बजे रायपुर के लिए रवाना हो रही थी, तब प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों ने जमकर ईडी की टीम जिन ▶▶| शेष पेज 7 पर

**आयुष्मान भारत योजना पर मंत्री का बड़ा खुलासा**

## 3000 से अधिक अस्पतालों पर कार्रवाई, 3.56 लाख दावे खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 643 करोड़ रुपए के 3.56 लाख दावों को खारिज करने और 1,114 अस्पतालों को पैनल से हटाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 1,504 दोषी अस्पतालों पर 122 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 549 अस्पतालों को निलंबित कर दिया गया है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दावों की जांच के लिए निगरानी

जाधव ने कहा कि दुरुपयोग या दुर्व्यवहार का पता लगाने के लिए, अस्पताल के दावों की जांच करने के लिए लगभग वास्तविक समय की निगरानी और एआई-आधारित प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, दावों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में यादृच्छिक ऑडिट और औचक निरीक्षण किए जाते हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बताया ▶▶| शेष पेज 7 पर









## गर्मी से पहले सूख गई मान नदी

# फसलों को बचाने सूखी नदी में जेसीबी से बना रहे कुआं



अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बतौली/सेदम

मार्च माह के पहले सप्ताह ही बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी मान नदी के सूख जाने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नदी किनारे स्थित खेतों में किसानों ने खेतों में फसल तो लगा दी। लेकिन गर्मी शुरू होने से पूर्व ही नदी के पूरी तरह से सूख जाने तथा फसलों की सिंचाई के लिए पानी नही होने से परेशान है। इधर सिंचाई के अभाव में सूख रही फसल को बचाने किसान सूखी नदी में जेसीबी से कुआं बनाकर सिंचाई करने को मजबूर है।

गर्मी का मौसम शुरू होने में लगभग एक माह शेष है। ऐसे में जिले के कई नदियों में पानी पर्याप्त है लेकिन बतौली में मार्च माह के पहले सप्ताह से घटते जलस्तर के कारण ही क्षेत्र के मंगारी नदीपारा स्थित मान नदी पूरी तरह सूख चुकी है। नदी में एक बूंद पानी नहीं है जबकि मार्च माह में नदी में पर्याप्त पानी होता था। नदी के हर तरफ बालू और पत्थर नजर आ रहे है। ऐसे में नदी किनारे किसानों द्वारा लगाए गए फसल सूखने लगी है। नदी में पानी नही होने की वजह से उत्पन्न समस्या से गंभीर स्थिति हो गई है। इधर किसान कर्ज लेकर तो किसान नदी किनारे अपनी खेतों में गेहूं,गर्मी धान, गन्ना,,मक्का,सब्जी की खेती कई एकड़ में किए है लेकिन समय से पहले ही मान नदी के सुख जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी है।



### फसल की लगी लागत निकालने में जुटे

ग्राम पंचायत मंगारी नदीपारा के किसान भाई राफेल, जोवाकिम, बहादुर, छन्नू, रमेश ने बताया कि मान नदी के पूरी तरह सूखने से पानी बिल्कुल नहीं है। खेत में उगाई गई फसल की सिंचाई के साथ पालतू जानवरों को पानी कैसे पिलाएं इसकी चिंता सता रही है। पानी की समस्या के चलते अपनी अपनी खेतों में लगी फसल को बचाने के लिए सभी मिलकर नदी में जेसीबी के माध्यम से कुआं खुदवा रहे हैं, जिसकी गहराई 8 से 10 फिट रहेगी। कुंआ में सिंचाई योग्य पानी निकल रहा है जिससे अपनी फसल को बचा रहे है। फसल बच गई तो सभी किसानों को खेती में लगाए गए राशि मिल सकती है।

### रेत तस्कर सक्रिय


जीवनदायिनी मान नदी के सूख जाने से रेत और पत्थर ही दिखाई दे रही है। ऐसे में अब रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। मान नदी नदीपारा, मंगारी सहित विशुनपुर में बड़े पैमाने पर रेत खनन का कार्य चल रहा है। नदी में पानी की कमी से क्षेत्र के रेत तस्कर सूखी नदी का दोहन कर रहे हैं। बावजूद इसके शासन उदासीन है।

### गिरते जल स्तर से कई गांव प्रभावित

बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी मान नदी का गिरते जल स्तर कई गांव प्रभावित है। माननदी से बतौली क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के हजारों एकड़ की खेती के लिए सिंचाई का एक माध्यम है और सहारा है। लेकिन जीवनदायिनी मान नदी के मार्च के पहले हफ्ते में ही सूख जाने से अब किसानों को मुसीबत में डाल दिया है। नदी के सूखने से एक गांव के किसान नहीं बल्कि नदी किनारे बसे तारागी, पोपरेंगा, सरमना, पथराई, सुवारपारा, मंगारी, कपाट बहरी, बिरीमकेला, महेशपुर ,विशुनपुर सहित कई गांवों के किसान पानी की समस्या से जूझ रहे है।

## खबर संक्षेप

### महेश बाबू और प्रियंका की झलक पाने उमड़े लोग



**जगदलपुर।** बस्तर संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 150 किमी दूर ओडिशा के कोरापुट जिले के पर्यटन स्थल देवमाली और तोलोमाली में फिल्म स्टार और भव्य सेट को देखने के लिए सुबह से शाम तक भारी भीड़ जुट रही है। खासकर युवाओं में तेलगु सुपरस्टार महेश बाबू और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का जबरदस्त क्रेज है। उनकी एक झलक पाने के लिए छात्र- छात्राएं और युवा घंटों शूटिंग स्थल और होटल के सामने डेरा डाले हुए है। बाहुबली 1 और 2, आरआरआर और मक्खी फिल्म बनाने वाले राजामौली लगभग 700 लोगों की टीम लेकर फिल्म की शूटिंग के लिये पहुंचे है। बताया जा रहा है कि फिल्म एसएसएमबी 29 लगभग एक हजार करोड़ की बजट से बन रही है।

### शक्कर कारखाना के निजीकरण का विरोध

**बालोद।** जय मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना कर्मचारी संघ ने बालोद में शक्कर कारखाना के निजीकरण के प्रस्ताव के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में चारों शक्कर कारखाने का संचालन सहकारिता विभाग के माध्यम से किया जा रहा है, मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक 28 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया जिसमें चारों कारखानों की आर्थिक हानि का उल्लेख किया गया है। वर्तमान में दो कारखाने बालोद और सूरजपुर को पी.पी.पी. मोड या निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार किया गया है।

### कोपरा की गौशाला में मवेशियों की भूख गई जान



**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा के गौशाला में मवेशियों की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन अब बचाव की मुद्रा में आ गया है। भूख से तड़प-तड़प कर मरे मवेशियों की खबरें वायरल होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने बड़ी संख्या में मवेशियों को राजिम और फिंगेश्वर के गौशालाओं में शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। इस फैसले पर ताज्जुब की बात यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस कदम को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पूरे मामले में देखा जाए तो नगर पंचायत कोपरा में शपथ ग्रहण से पहले गौ शाला में मवेशियों की बेरहमी से मौत हुई है जिसे लेकर नगर में तरह तरह की चर्चा हो रही है। जब प्रशासन की लापरवाही से मवेशियों की मौत हुई और मामला चर्चा में आया, तब गोबरा-नवापारा के व्यापारियों ने पहल कर गौशाला पहुंचकर चारा-पानी की व्यवस्था की।

## 40 लाख मीट्रिक टन चावल की नीलामी पर कांग्रेस ने कहा- केंद्र से चावल का कोटा बढ़ाने की पहल करें

# धान निष्पादन पर विपक्ष का स्थगन, चर्चा नहीं हुई, गर्भगृह में घुसे कांग्रेस विधायक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र में धान निष्पादन पर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने धान की नीलामी से प्रदेश को 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात उठाई। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने पर विपक्ष के सदस्य सदन में नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में आ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य प्रक्रिया संचालन नियम के तहत कांग्रेस के 30 सदस्यों को निलंबित करने की घोषणा की।

खबर का असर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शून्य काल में स्थगन प्रस्ताव पर कहा, सरकार ने स्वीकार किया कि धान की नीलामी होगी। पिछले समय भी धान का निष्पादन नहीं हो पाया था। धान की नीलामी से छत्तीसगढ़ को करीब 8 हजार करोड़ का आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के खिलाफ केंद्र का उपेक्षापूर्ण रवैया बताया। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी की चार इंजन की सरकार कुछ नहीं कर पाई है। आने वाले वर्ष में घाटा लगा, तो धान खरीदी प्रभावित होगी, इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार से अनुरोध करने की बात कही। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान धान की नीलामी से प्रदेश को करीब 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों को हक की राशि मिलनी चाहिए।

### 40 लाख मीट्रिक टन धान की होगी नीलामी

उन्होंने कहा, 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी में केंद्रीय पूल में 69 लाख मीट्रिक टन चावल जमा होगा। इतनी मात्रा में चावल के लिए करीब 108 लाख टन धान का निष्पादन हो पाएगा। करीब 40 लाख टन धान की खुले बाजार में बिक्री की जाएगी। राज्य शासन ने करीब 3600 रुपए क्विंटल में धान खरीदी की है। इसमें 3100 रुपए के अलावा सुरक्षा, भंडारण और अन्य व्यव को मिलाने से सरकार को कुल 3600 रुपए का भार आता है।















### केंद्रीय पूल में 6.58 लाख मीट्रिक टन चावल जमा

प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय पूल में चावल उठाव का मुद्दा भी गूंजा। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से एक के बाद एक कई सवाल पूछे। मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि इस साल केंद्रीय पूल में 69.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा होना है। अब तक 6.58 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जा चुका है। करीब 60 लाख मीट्रिक टन चावल जमा होना शेष है। बचे धान का निराकरण शासन स्तर पर किया जाएगा।

### विपक्ष का आरोप डबल इंजन की सरकार फेल

मामले में विपक्ष ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी मात्रा में धान की नीलामी राज्य सरकार के कोष में घाटा है। मामले में केंद्र सरकार से केंद्रीय पूल में चावल का कोटा बढ़ाने की मांग सरकार को करना चाहिए। मोदी की गारंटी के तहत सभी किसानों से खरीदी की गई चावल का पूरा निष्पादन करने पर जोर डबल इंजन की सरकार को करना चाहिए। सरकार की ओर से कोई आश्वासन नहीं आया।

### हंगामे के बीच स्थगित रही कार्यवाही

विधानसभा अध्यक्ष ने अग्राहय कर दिया। कांग्रेस सदस्यों ने इसके बाद नारे लगाते हुए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। आसंदी ने नियम प्रक्रिया के तहत स्वमेय निलंबित हो गए। आसंदी ने उन्हें बाहर जाने का निर्देश दिया। फिर उनका निलंबन समाप्त कर दिया। इस दौरान सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित की गई थी।

## 3971 महिलाओं को महतारी वंदन की नहीं मिली एक भी किस्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में महतारी वंदन योजना का मुद्दा एक बार फिर मंगलवार को सदन में गूंजा। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने पूछा कि कितने हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना की एक भी किस्त नहीं मिली है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, प्रदेश में 3971 हितग्राहियों को एक भी किस्त नहीं मिली है, क्योंकि इनका खाता आधार से लिंक नहीं था। खाता सक्रिय नहीं था या हितग्राही की मृत्यु हो गई थी। दावा रहित एवं अन्य तकनीकी कारणों से भुगतान नहीं हो सका। विधायक मंडावी ने उन्हें एकमुश्त राशि देने की मांग की। मंत्री ने कहा कि जो भी कमी होगी, उसे पूरा कराकर राशि देंगे।





- कांग्रेस ने लगाया अनियमितता का आरोप, सदन में हंगामा, बहिर्गमन

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने मामले में कहा, एक साल से त्रुटि सुधार नहीं कर पाए। कब तक कराएंगे। उन्होंने यह भी पूछा इन सभी के खाते में 12 माह की राशि एक साथ भुगतान कराएंगे। मंत्री ने कहा, सतत सूचना देकर भुगतान करा दिया जाएगा। उन्होंने इन सभी हितग्राहियों की त्रुटि सुधार जल्द कराने पहल करने का भरोसा दिलाया।

### लाखों महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ- नेता प्रतिपक्ष महंत


नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की लाखों महिलाओं को नहीं मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा, महतारी वंदन योजना के नाम से चुनाव जीते हैं, लेकिन महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। एक ही क्षेत्र में 4000 महिलाओं को लाभ नहीं मिला है। पूरे प्रदेश में लाखों महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

## दुकानदार ने की बालिका से अश्लील हरकत, गुस्साए लोग सड़क पर उतरे, एनएच पर किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा के गीदम में सोमवार शाम उस वक्त बवाल मच गया, जब एक दुकानदार ने नाबालिग बच्ची से अश्लील हरकत की। घटना के बाद जब नाबालिग ने परिजनों को आपबीती बताई, तब परिजन दुकानदार से मिलने पहुंचे, लेकिन दुकानदार नहीं मिला। इसके बाद मामला गर्म हो गया, दुकानदार को अलग-अलग जगहों पर परिजन खोजते रहे। इधर पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठने लगी। कुछ देर तक दुकानदार पुलिस के हाथ नहीं लगा तब नगर के लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए, जिसके बाद देर रात तक एनएच 63 पर घण्टों चक्का जाम किया गया। जिससे रात की यात्री बसे व भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी।



- यात्री बसें व भारी वाहनों की लगी लम्बी कतारें

### माई जी की जमीन पर है दुकान खाली करने की मांग

इधर इस घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी की दुकान खाली करवाने की मांग प्रशासन से की है। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने मीडिया को बताया कि पीड़ित के परिजनों से इस घटना की शिकायत मिली थी, जिसके बाद थाने में सूचना दी गई। गुस्साए लोगों ने चक्का जाम किया था, उन्हें भी समझाइश दी गई, आरोपी की गिरफ्तारी के साथ लोग दुकान खाली कराने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं। दुकान माई दंतेश्वरी टेम्पल कमेटी की जमीन पर है और ऐसी घटना शर्मनाक है, ऐसे में नगर के लोग दुकान खाली करवाने की मांग भी कर रहे हैं। जिस पर तहसीलदार ने लोगों को आश्वासन दिया है।

### कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए

गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि जब हमें मामले की जानकारी मिली तो हमने तुरंत एक्शन लिया। युवक की तलाश की उसका फोन ट्रेस किया। पता चला कि वह बीजापुर की तरह भाग रहा है। इस बीच बीजापुर की तरफ हम रवाना हुए और शहर से करीब 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर उसे पकड़ा गया। वहीं बच्ची के परिजनों ने मांग की है कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और इस कृत्य की वजह से उसकी दुकान तोड़ी जाए।

### तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**भिलाई।** एसपी जितेंद्र शुक्ला ने एसीसीयू में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक और जामुल थाने के आरक्षक को सस्पेंड किया है। तीनों पुलिस कर्मी पुलिस लाइन में पदस्थ होंगे। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एसीसीयू टीम के द्वारा गांजा के एक मामले में कार्रवाई की गई थी। वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक सगीर अहमद खान, अजय गहलोत की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। जिसकी शिकायत दुर्ग एसपी से करने पर गंभीरता से लेते हुए दोनो प्रधान आरक्षकों को नोटिस थमा दिया। नोटिस का सही जवाब ना दे पाने और गांजा के प्रकरण में आरोपियों को लाभ पहुंचाने की संदिग्ध भूमिका नजर आने पर एसपी ने 11 मार्च को दोनों को सस्पेंड कर दिया।

वहीं महिला के साथ मारपीट करने के मामले में एसपी ने जामुल थाने में पदस्थ आरक्षक तरुण देशलहरे को सस्पेंड किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 8 मार्च को उमरपोटी निवासी पायल 32 वर्ष ने शिकायत किया था कि आरक्षक तरुण देशलहरे उसके साथ मारपीट किया है।

## 30 जिला पंचायतों में भाजपा भारी, आज 3 जिलों की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को लगातार जीत मिल रही है। सोमवार और मंगलवार को भाजपा के प्रत्याशी तीन जिलों में जीते। अब तक भाजपा के 30 जिलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीत गए हैं। अब बचे 3 जिलों में बुधवार को चुनाव होंगे। इसमें से रायपुर और सुकमा में भाजपा बराबरी पर है। ऐसे में यहां पर कांटे का मुकाबला होगा। इसी के साथ मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में भी बुधवार को ही चुनाव होना है। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। सभी नगर निगमों में जहां भाजपा के महापौर बने, कोरबा को छोड़कर बाकी निगमों में सभापति भी भाजपा के बने। वैसे तो कोरबा नगर निगम में जीते सभापति भी भाजपा के ही हैं, लेकिन पार्टी से बगावत करके चुनाव लड़ने के कारण उनको पार्टी से बाहर कर दिया गया है।



जिला पंचायत चुनाव: रायपुर और सुकमा में 12 मार्च को चुनाव में होगी कांटे की टक्कर

भाजपा ने किया कांग्रेस का सूपड़ा साफ, 27 जिलों में अध्यक्ष,116 जनपदों पर भी कब्जा

### रायपुर में सिक्के से फैसला संभव

भाजपा ने 31 स्थानों में बहुमत का दावा किया है, उसमें से 30 में भाजपा जीत गई है। अब बुधवार को तीन स्थानों पर चुनाव हो रहा है। रायपुर और सुकमा में कांटे का मुकाबला है। सबकी नजरें रायपुर पर हैं। रायपुर में भाजपा के आठ सदस्य जीते हैं। कांग्रेस के जहां छह सदस्य जीते हैं, वहीं दो निर्दलीय जीते हैं। इनको कांग्रेस का समर्थक बताया जा रहा है। संभावना है कि यहां पर भी मुकाबला बराबरी का होने पर भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को 8-8 मत मिलने की स्थिति में फैसला सिक्के से होगा।

### कांग्रेस के सदस्य अज्ञातवास में

रायपुर में कांग्रेस को अपने सदस्यों के तोड़ फोड़ का डर है। ऐसे में पहले जब चुनाव पांच मार्च को होने वाले थे, तब इनको गोवा भेज दिया गया था। वहां से सभी चार मार्च को वापस आ गए थे। इसके बाद चुनाव की तिथि 12 मार्च होने के कारण कांग्रेस के सदस्यों को अज्ञातवास में भेज दिया गया है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है, निर्दलीय भी हमारे साथ हैं। सभी को बुधवार को चुनाव के ठीक पहले लाया जाएगा। भाजपा के नेताओं का कहना है हमारे सदस्य यहां है उनको कहीं नहीं भेजा गया है। भाजपा नेताओं के मुताबिक पार्टी को अपने सदस्यों पर भरोसा है।

## 10 लाख रुपए खर्च कर लाई गई किताबें, प्रदेश का पहला महाविद्यालय

# हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई सिम्स मेडिकल कालेज में होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में पहली बार छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में अब एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में की जा सकेगी। मंगलवार को सिम्स के लाइब्रेरी में हिन्दी माध्यम की किताबें उपलब्ध कराए गई है। जिससे हिन्दी माध्यम से एमबीबीएस में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट को मेडिकल की पढ़ाई करने में आसानी होगी, वहीं पीजी के छात्रों में भी हिन्दी की आसान भाषा में समझ उपलब्ध हो सकेगी। एमपी के बाद छत्तीसगढ़ में भी मेडिकल के छात्रों को हिन्दी में चिकित्सा पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है, इस लेकर सिम्स प्रदेश का पहला मेडिकल कालेज बन चुका है जहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए हिन्दी में किताबें उपलब्ध होंगी। सिम्स कालेज प्रबंधन ने 10 लाख की किताबें मंगवाई है, मंगलवार से सिम्स के लाइब्रेरी में सभी किताबें उपलब्ध भी हो चुकी है।

- फर्स्ट ईयर स्टूडेंट से लेकर एमडी और एमएस डाक्टरों के लिए उपलब्ध रहेगी किताबें

### इस सत्र से की गई थी घोषणा

राज्य के सरकारी मेडिकल कालेजों में इस सत्र से बैचलर ऑफ मेडिकल और बेचलर ऑफ सर्जरी की पढ़ाई हिन्दी में कराने का निर्णय लिया गया है। इस साल हिन्दी दिवस के अवसर पर इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की थी। घोषणा के बाद ही सिम्स कालेज प्रबंधन ने पुस्तकों के लिए 10 लाख का बजट बना इसका मांग पत्र भेज दिया था। खास बात यह है कि देश में बिहार और मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में भी मेडिकल के छात्र व छात्राएं हिन्दी में अध्ययन कर सकेंगें।





### सेंट्रल लाइब्रेरी में रहेंगी पुस्तकें

राज्य सरकार की घोषणा के बाद ही प्रबंधन ने पुस्तकों का आर्डर दे दिया था, करीब 10 लाख की राशि खर्च की गई है। कुछ विषयों के पुस्तक अभी नहीं आई है लेकिन वह भी कुछ ही महीनों में उपलब्ध होगी। सेंट्रल लाइब्रेरी में अब हिन्दी भाषा में चिकित्सा शिक्षा की पुस्तकें उपलब्ध रहेगी।

डॉ.रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स

### स्टूडेंट को मिलेगी सहुलियत

मेडिकल कालेजों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पृष्ठभूमि के स्टूडेंट आते है, मेडिकल की पढ़ाई अंग्रेजी भाषा में होने के कारण प्रतिभावान स्टूडेंट के विषयों में नंबर भी कम आते है लेकिन हिन्दी में पढ़ाई होने से विषय वस्तु को समझने में काफी आसानी होगी, वहीं स्टूडेंट का कांफिडेंस भी बढ़ेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी चिकित्सा शिक्षा अंग्रेजी के साथ ही अन्य भाषाओं में कराने पर जोर दिया गया है।

रायपुर
बुधवार, 12 मार्च 2025
फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष: 23, अंक: 235
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 37.2
न्यून. 20.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# नक्सलवाद पर श्रीश्री रविशंकर का संदेश: बंदूक से कभी कोई काम नहीं बना, मुख्य धारा में लौट आओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा मंगलवार को सांइस कॉलेज में आयोजित शंखनाद कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने नक्सलवाद पर अपनी बात रखी। उन्होंने नक्सलियों को मुख्य धारा में लौटने का आह्वान करते हुए कहा कि बंदूक से कभी कोई काम नहीं बना है, अपनी

**शंखनाद कार्यक्रम में श्रीश्री ने कहा- अब समय आ गया है हमें मिलकर काम करना है**



मांगों को शांति के साथ व्यक्त करो और समाज के साथ मिलकर अपने विकास की दिशा तय करो।श्रीश्री रविशंकर ने कहा, मुख्यमंत्री नक्सलवाद से लड़ रहे हैं और पहले के मुकाबले अब काफी फर्क आया है। उनका उद्देश्य सबका विकास है, और इसके लिए उन्होंने अपनी जान दांव पर लगाई है। मैं नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से अपील करता हूं कि ⏭।शेष पेज 7 पर

### मुख्य धारा में लौटे, हम साथ खड़े रहेंगे

श्रीश्री ने नक्सलवाद पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, यहां किसी भी प्रकार का अहंकार नहीं होना चाहिए, वह सब छोड़ दीजिए। मैं व्यक्तिगत रूप से आप सभी का सम्मान करता हूं। आप दिलदार और साहसी लोग हैं। आप में हिम्मत है, आप में जोश है। आप सभी मुख्य धारा में लौटेंगे, और हम आपके साथ खड़े रहेंगे। हम सब मिलकर भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे।


### बंदूक से कभी काम नहीं बना

कार्यक्रम के दौरान श्रीश्री रविशंकर ने संदेश दिया कि बंदूक से कभी काम नहीं बना यहां सारी लड़ाई समृद्धि के लिए है, विनाश के लिए नहीं। हम न्याय और समृद्धि के लिए लड़ते हैं। यही दो सिद्धांत हैं, और यदि आप इन दोनों के लिए लड़ रहे हैं, तो आपको यह दोनों मिलेगा, जब आप एकजुट होंगे। मुख्य धारा में आकर अपनी मांगें सामने रखो, क्योंकि बंदूक से कभी काम नहीं बना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 6,046 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद में बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा शुरू किए गए 'प्रतिबिंब' मॉड्यूल के जरिए 6,046 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। यह मॉड्यूल, अपराधियों के ठिकानों का पता लगाता है। गृह राज्य मंत्री बी. संजय कुमार ने प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

### एएसी और जेकेआईएम पर पांच साल बैन





**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन संगठनों में उमर फारूक की अध्यक्षता वाली अवामी एक्शन कमेटी और मसरूर अब्बास अंसारी नीत जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) शामिल हैं।

### बस और बाइक की टक्कर, चार की मौत




**कुरनूल।** कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस और दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने से चार युवकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना पांडवगल्लू गांव के पास हुई थी। जब मोटरसाइकिल और बस के बीच टक्कर हुई तो दो पीड़ित दोपहिया वाहन पर थे, जबकि तीन लोग एक अन्य मोटरसाइकिल पर थे।

### अस्थायी तंबू में आग, तीन की मौत, प्राथमिकी दर्ज



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में अस्थायी रूप से बने एक तंबू में भीषण आग लग गई। इसमें जलकर दो भाईयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जग्गी (30) के अलावा श्याम सिंह (40) और कांता प्रसाद (37) इन दो भाइयों के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश निवासी थे।

### गाड़ी खाई में गिरी 3 जवानों की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना इंफाल-दीमापुर नेशनल हाईवे पर चांगौबंग गांव के पास शाम 4 बजे हुई। सभी जवान एक ही बटालियन के हैं और नगालैंड के झादिमा में तैनात हैं।

पाकिस्तानी सेना ने चलाया ऑपरेशन, 13 विद्रोही मार गिराए जाने का दावा

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक, 214 यात्रियों को बनाया बंदी, मुठभेड़ में मारे गए 30 सैनिक


एजेंसी ⏭ कराची/इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध बलूच बंदूकधारियों ने मंगलवार को एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी की, जिसमें कई यात्री घायल हो गए। हमलावरों ने दावा किया कि उन्होंने 214 लोगों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। तभी गुदलार और पीरू कोनेरी इलाकों के बीच उस पर गोलीबारी की गई। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने ट्रेन को बेटपरी कर उसपर कब्जा कर लिया। 30 सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी और सक्रिय ड्यूटी कर्मियों सहित 214 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बना लिया है। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों ने बीएलए के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। महिलाओं और बच्चों सहित यात्रियों की तत्काल स्थिति का पता नहीं चल पाया है।

बीएलए ने एक बयान जारी कर चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तानी सेना ने कोई सैन्य कार्रवाई की तो 'सभी बंधकों को मार दिया जाएगा'। यह समूह पाकिस्तान के अलावा ब्रिटेन और अमेरिका में भी प्रतिबंधित है।

*पाकिस्तान का अशांत प्रांत बलूचिस्तान एक बार फिर चर्चा में है। अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी ने बोलन में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया और 214 लोगों को बंधक बना लिया। बीएलए ने चेतावनी दी है कि अगर उनके खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई की गई तो वे सभी यात्रियों को मार डालेंगे। अभी तक 30 सैन्यकर्मी मारे जा चुके हैं। इस बीच पाक सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चलाया और 80 बंधकों को छुड़ा लिया है।*

## सुरंग में थी जाफर एक्सप्रेस, तभी पटरी को उड़ाया



**ट्रेन को कब्जे में लिया**

### सुरंग संख्या-8 में उड़ाया ट्रैक

बलूच बंदूकधारियों ने इस घटना को तब अंजाम दिया जब ट्रेन आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग संख्या 8 से गुजर रही थी, तभी बलूच उग्रवादियों ने सुरंग का रेलवे ट्रैक उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। इसके बाद ट्रेन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूच आतंकियों ने इलाके का फायदा उठाया, जहाँ 17 सुरंगें हैं, जिससे ट्रेनें धीमी गति से चल रही थीं।

- पाक सेना की कार्रवाई तैनात किए हवाई जहाज
- महिलाओं और बच्चों को किया रिहा

गोलीबारी का सामना करने के लिए सुरक्षा बल के जवान सामने आए लेकिन विद्रोहियों ने उन पर भी हमला बोल दिया और ट्रेन को अपने कब्जे में कर लिया। बलूच अलगाववादियों द्वारा हमलों की आशंका के कारण बलूचिस्तान में ट्रेनों में आम तौर पर सुरक्षाकर्मी सवार होते हैं। इस घटना के बाद पाकिस्तानी सेना ने जमीनी हमला और हवाई बमबारी करके जवाबी कार्रवाई की है। हालाँकि, आतंकवादी सेना के जमीनी अभियान को रोकने में कामयाब रहे हैं।

### सुरक्षा बलों ने 80 बंधकों को छुड़ाया

इधर, पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मंगलवार को बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध बलूच आतंकवादियों द्वारा ट्रेन में बंधक बनाए गए 80 यात्रियों को छुड़ा लिया। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, सुरक्षा बलों ने एक डिब्बे से 80 यात्रियों 43 पुरुष, 26 महिलाएं और 11 बच्चों को छुड़ाने में कामयाबी हासिल की है।

### ट्रेन में सवार सेना और आईएसआई के लोग

बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आतंकवाद निरोधक बल और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एक्टिव-ड्यूटी कर्मी शामिल हैं। ये सभी छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने चेतावनी दी है कि अगर ट्रेन में मौजूद सैनिकों ने किसी भी तरह की कोई कार्रवाई करने की कोशिश की तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा।

सोना तस्करी मामला

# कर्नाटक डीजीपी रामचंद्र के खिलाफ होगी जांच



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कन्नड़ फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े कथित सोना तस्करी के मामले में उनके सौतेले पिता व डीजीपी रैंक के अधिकारी के. रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि गौरव गुप्ता की नियुक्ति का आदेश सोमवार रात जारी किया गया। सरकार ने बेंगलूरू हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ भी जांच का आदेश दिया।

### 12 करोड़ का सोना पकड़ा गया था

राजस्व खुफिया निदेशालय ने तीन मार्च को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या के पास से 12.56 करोड़ रुपए मूल्य की सोने की पट्टियां जब्त की थीं। अगले दिन, डीआरआई ने कहा कि उसने बेंगलुरु में रान्या के आवास से 2.06 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और नकदी जब्त की। डीआरआई इस मामले की जांच कर रही है, वहीं सीबीआई भी जांच में शामिल हो गई है।

### अभिनेत्री रान्या ने सुविधाओं का किया दुरुपयोग

आदेश में कहा गया है कि फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को राजस्व खुफिया निदेशालय ने उस समय गिरफ्तार किया, जब वह दुबई से अवैध तरीके से सोना लेकर बेंगलुरु आ रही थीं। आदेश में कहा गया है कि मामले की जांच के दौरान मीडिया में यह खबर आई कि गिरफ्तार रान्या ने हवाई अड्डे पर उच्च पदस्थ अधिकारियों को दी जाने वाली सुविधाओं का दुरुपयोग किया। आदेश के मुताबिक, ऐसी खबर मिली है कि रान्या के विदेश जाने और वहां से लौटने के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा कर्तव्य निर्वहन में बरती गई लापरवाही की जांच करने के लिए भी सीआईडी को निर्देश दिया गया है।

# चैंबर चुनाव हुआ रोचक, अब पारवानी नहीं लड़ेंगे, चुनाव मैदान से हटने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के निवृतमान अध्यक्ष अमर पारवानी अब चैंबर चुनाव नहीं लड़ेंगे। श्री पारवानी ने चुनाव मैदान से हटने का ऐलान कर दिया



हरिभूमि फॉलोअप

है। उनका कहना है कि चैंबर में नए चेहरे को सामने लाने का समय है। पूरे प्रदेश का दौरा करने के बाद मैंने यह महसूस किया है कि चैंबर में नई टीम को लाने का यही अनुकूल समय है। वरिष्ठजनों से रायशुमारी के ⏭।शेष पेज 7 पर

**कहा नए चेहरे को लाने का है समय, जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल की हुई बैठक**

### नए चेहरे के लिए हटे तो स्वागत है : श्रीचंद सुंदरानी संरक्षक एकता पैनल

चैंबर चुनाव में अमर पारवानी नए चेहरे को मौका देने चुनाव मैदान से हटे हैं, तो उनका स्वागत है। मैं भी दो बार चैंबर अध्यक्ष रहा, इसके बाद अमर पारवानी को अपने पैनल से चुनाव लड़ने का मौका देने हटा था, पर पारवानी ने खुद को चैंबर में स्थापित करने बंद कमरे में बैठकर चुनाव नियम में संशोधन किया, ये ठीक नहीं है। दो बार चैंबर ⏭।शेष पेज 7 पर

### जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल की बैठक आज

सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल की आवश्यक बैठक 12 मार्च को दोपहर 12 बजे आयोजित है। जिसमें पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी को लेकर चर्चा और नाम का ऐलान हो सकता है। जानकारों के मुताबिक अमर पारवानी के चुनाव मैदान से हटने के बाद अजय भसीन अध्यक्ष पद प्रत्याशी हो सकते हैं।

पहले भारतीय बने प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान



**पोर्ट लुईस।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं।

### भारत-मॉरीशस के संबंधों का सम्मान

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है।

# नौकरशाहों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को विफल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक गांव में एक महिला को सरपंच पद पर बहाल करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि नौकरशाहों को "जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को विफल करने" की इजाजत नहीं दी जा सकती।

- सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी



न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र में हाल-फिलहाल में ऐसे कई मामले ⏭।शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

कलावती राजेंद्र कोकाले ने जिलाधिकारी के सात जून 2024 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें सरपंच पद से उनके इस्तीफे पर महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा-29 के तहत मुहर लगाई गई थी, जबकि उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया था।

लोकसभा में पेश हुआ अप्रवासन और विदेशी विधेयक-2025


# घुसपैठियों की खैर नहीं, 7 साल की कैद, 10 लाख जुर्माना!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लोकसभा में मंगलवार को अप्रवासन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया है। अमित शाह की तरफ से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि किसी को देश में आने से रोकने के लिए यह बिल नहीं लाया गया है बल्कि इस बिल का मकसद है कि जो भी विदेशी भारत आएं वे यहां के नियमों का पालन करके ही आएं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और टीएमसी के सौगत राय ने बिल का विरोध किया है।

### कड़ी सजा

भारत में अवैध रूप से एंट्री करने पर पांच साल तक की कैद और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जाली दस्तावेजों पर दो से सात साल तक जेल और एक लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।



इधर, संसद में बोली सरकार

**लाने वाला ही होगा जवाबदेह:** बिना उचित दस्तावेज के व्यक्तियों को लाने-ले जाने वाले ट्रांसपोर्ट को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन पर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। भुगतान न करने पर उनके वाहन जब्त किए जा सकते हैं। ऐसे मामलों में जहां किसी विदेशी को प्रवेश से वंचित किया जाता है, ट्रांसपोर्टर पर उनके तत्काल प्रस्थान को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी।

### टैरिफ कम करने पर काम करेंगे भारत और अमेरिका

भारत और अमेरिका एक ट्रेड एग्रीमेंट करने की योजना बना रहे हैं। दोनों देश मिलकर ट्रेड को आसान बनाने, इंपोर्ट ड्यूटी कम करने और सप्लाई चेन को मजबूत करने पर ध्यान देंगे। लोकसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि अभी तक अमेरिका ने भारत पर कोई अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगाया है। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका एक नए ट्रेड एग्रीमेंट पर चर्चा कर रहे हैं, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। इसका मकसद व्यापार बढ़ाना और नियमों को आसान बनाना है।

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2025
Empowering students for a brighter future
CORE B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering
- Computer Science and Information Technology

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

# ब्लड मून के दौरान चंद्र मिशन पर खतरा, पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान क्या मर जाएगा नासा और चीन का चंद्रयान?



**वॉशिंगटन।** दुनिया के खगोलविज्ञानी और अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए गुरुवार-शुक्रवार (13-14 मार्च) की रात अंतरिक्ष में ब्लड मून का अनोखा नजारा होगा। इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी की छाया में रहेगा, जिसे पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा। लेकिन जब ये घटना हो रही होगी, ठीक उसी समय अंतरिक्ष में चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे अंतरिक्ष यान के लिए खतरा पैदा होने जाएगा। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के लिए यह समय खुद को बचाने की चुनौती लेकर आएगा, जो साल 2009 से चंद्रमा की परिक्रमा कर रहा है।

चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले ऑर्बिटर सौर ऊर्जा से संचालित होते हैं, लेकिन चंद्रग्रहण के दौरान चांद पृथ्वी की छाया में चला जाता है और यह सूर्य से कट जाता है। ऐसे में इसके संचालन के लिए समस्या उत्पन्न होने लगती है। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में एलआरओ मिशन के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट नोआ पेट्रो के हवाले से बताया गया कि पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्र अंतरिक्ष यान के ऐसे उपकरण जो आवश्यक नहीं है, उन्हें बंद रखा जाएगा।



## चंद्र मिशन की बैटरी को खतरा

ग्रहण के दौरान एलआरओ की बैटरी को खतरा है। अंतरिक्ष यान सौर ऊर्जा से चलता है और चंद्रमा के चारों ओर अपनी लगभग दो घंटे की कक्षा के दिन के उजाले वाले हिस्से को अपनी ऑनबोर्ड बैटरी को चार्ज करने के लिए इस्तेमाल करता है। इस चार्जिंग पर वह रात वाले हिस्से में निर्भर करता है। हालांकि, नासा ने बताया है कि 2018 तक लगातार चार्जिंग के चलते एलआरओ की बैटरी की दक्षता पहले ही 70 फीसदी तक कम हो गई थी। 13-14 मार्च को पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान नासा का एलआरओ 5 घंटे 48 मिनट तक अंधेरे में रहेगा। यह अपेक्षाकृत लंबा समय है, लेकिन पेट्रो को भरोसा है कि एलआरओ की बैटरी अंतरिक्ष यान को चालू रख सकती है। पेट्रो ने कहा कि ग्रहण में प्रवेश करने से पहले बैटरी को अधिकतम क्षमता तक चार्ज कर लिया जाएगा।

### सभी उपकरणों को कर दिया जाएगा बंद

*इसकी शक्ति को बहुत अधिक कम होने से बचाने के लिए अंतरिक्ष यान पर मौजूद हर वैज्ञानिक उपकरण को बंद किया जा रहा है। ग्रहण के दौरान अंतरिक्ष यान के अंदर का तापमान माइनस 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। पेट्रो ने कहा, अंधेरे में रहने से उपग्रह भी ठंडा हो जाता है, इसलिे हम ग्रहण से पहले उपकरणों और अंतरिक्ष यान को गर्म कर देंगे। इससे ग्रहण के दौरान हीटरों से न्यूनतम अतिरिक्त बिजली खपत सुनिश्चित होती है, जबकि अंतरिक्ष यान के घटकों को सामान्य परिचालन तापमान के भीतर बनाए रखा जाता है।*


### दूसरे चंद्र मिशन भी है मौजूद

*चंद्रग्रहण के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियां हमेशा इतनी सख्त नहीं रही हैं। पिछले ग्रहणों के दौरान, एलआरओ एक उपकरण को चालू रखने में सक्षम था। हालांकि, एलआरओ अकेला चंद्र मिशन नहीं है, जो सक्रिय है। चीन का चांग'ई 4 मिशन अभी भी सक्रिय है, जो जनवरी 2019 में चंद्रमा पर गया था। यह अपने साथ युतु-2 रोवर लेकर गया था, जो अभी भी सक्रिय है और अनुसंधान कर रहा है। इसके अलावा फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दूसरा निजी चंद्र मिशन है। यह 2 मार्च को चंद्रमा पर उतरा था। एलआरओ की तरह यह भी सौर ऊर्जा से संचालित है। ब्लू घोस्ट को केवल दिन के समय चलने के लिए डिजाइन किया गया है। चंद्रमा पर एक दिन पृथ्वी के 15 दिन के बराबर होता है। ब्लू घोस्ट की टीम को भरोसा है कि पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान यह खुद बचाने में सक्षम होगा।*

## रोचक खबरें

# जिस पालतू कुत्ते की हुई मौत, 19 लाख खर्च कर महिला ने ऐसे दोबारा किया जिंदा!

**बीजिंग।** चीन में एक महिला ने अपने मर चुके पालतू डॉबरमैन डॉगी का क्लोन बनाने के लिए 1,60,000 युआन (19 लाख रुपए से अधिक) खर्च किए हैं, जिससे पालतू जानवरों की क्लोनिंग में लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई हैं। बता दें कि चीन में ऐसा करने की अनुमति है, लेकिन इसके लिए नैतिक दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा और योग्य कंपनियों द्वारा ही इसका संचालन होना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार, जू सरनेम की यह महिला पूर्वी चीन के हांग्जो की रहने वाली हैं। 2011 में महिला ने एक डॉबरमैन खरीदा, जिसका नाम उसने जोकर रखा। महिला ने बताया कि जोकर ने उसकी लाइफ में काफी अहम भूमिका निभाई। जब वह अकेले रहती थी, तो उसे सुरक्षा का एहसास होता था। लेकिन, 9 साल की उम्र में आते ही जोकर की गर्दन में घातक सार्कोमा विकसित हो गया, जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी। महिला ने बताया कि तमाम जोखिमों के बावजूद बिना एनेस्थीसिया के जोकर ने इस सर्जरी को बहादुरी से सहन किया।



### क्लोन को दिया लिटिल जोकर नाम

रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल बाद जू को बताया गया कि क्लोनिंग सफल रही। इसके बाद हर 15 दिन में अपडेट दिया गया, जिसमें अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट और ग्रोथ वीडियो शामिल थे। 2024 में लूनर ईयर से ठीक पहले जू ने जोकर के क्लोन को लिटिल जोकर नाम दिया। उनका कहना है कि ये बिल्कुल जोकर की तरह ही बर्ताव करता हैं।

### कुत्ते का क्लोन बनाने में कामयाबी की हासिल

बता दें कि 2017 में चीन ने अपने पहले कुत्ते का सफलतापूर्वक क्लोन बनाने में कामयाबी हासिल की थी। ऐसे में जू ने एक्सपर्ट की सलाह पर क्लोनिंग की इस प्रक्रिया को अपनाने का फैसला किया। जू ने बताया कि क्लोनिंग कंपनी का नाम गुप्त रखते हुए उन्होंने पूरी फीस पहले ही चुका दी। वैज्ञानिकों ने जोकर के पेट, कान और सिर से त्वचा के सैंपल लिए और ऊतक का उपयोग कर भ्रूण तैयार कर एक सरोगेट मां में प्रत्यारोपित कर दिया।

# वैज्ञानिकों के हाथ लगा 2600 साल का पुराना रहस्यमयी खज़ाना, चमक ऐसी कि चौंधिया गईं आंखें!

**काहिरा।** दुनिया का इतिहास बहुत पुराना हैं। हम इसमें से कुछ सदियों के बारे में जानते हैं, लेकिन सब कुछ नहीं, क्योंकि इतनी घटनाएं लिखी भी नहीं गई हैं। यही वजह है कि समय-समय पर कुछ न कुछ ऐसे रहस्य सामने आते रहते हैं, जो हमें हैरान कर देते हैं। एक ऐसा ही खोया हुआ खज़ाना मिस्र में वैज्ञानिकों के हाथ लगा है, जिसके पीछे एक खास रहस्य छिपा हुआ हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों की टीम ने मिस्र के कर्णाक मंदिर के परिसर में ये खज़ाना ढूंढा हैं। ये जगह थेबेस के प्राचीन शहर में है और जिस मंदिर के परिसर में ये मौजूद है, वो करीब 4000 साल पहले बनाया गया था। समय से साथ इसका विस्तार हो गया और इसमें कई बार बदलाव किए हैं। इस दौरान किसी की भी नज़र इस खज़ाने पर नहीं पड़ी थी।



### मंदिर के परिसर में मिला खज़ाना

पुरातत्ववेत्ताओं के मुताबिक ये सोने से भरा हुई एक गड़ा हुआ बर्तन है, जिसमें बेशकीमती चीज़ें मौजूद हैं। जिन अहम चीज़ों की जानकारी दी गई है, उनमें सोने के चमकीले गहने और एक बहुत दुर्लभ प्रतिमा भी मौजूद हैं। ये किसी देवता के परिवार की प्रतिमा लग रही हैं। इतना ही नहीं, सोने के कई मोती और नज़र से बचाने वाले नज़रबट्टू भी इसमें मौजूद हैं। मिस्र के पर्यटन मंत्री ने बताया कि कर्णाक मंदिर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से से ये मूर्तियां मिली हैं।

# भगवान ने मुफ्त दी थी 'खास' चीज लड़की ने ऑनलाइन बेच की बंपर कमाई

**लंदन।** भगवान ने एक महिला को कई तोहफों से नवाजा हैं। शारीरिक सुंदरता के साथ ही साथ लड़की को ऐसी कई खूबियां दी गई है, जो मर्दों के नसीब में नहीं हैं। इसी में से एक तोहफा है वर्जिनिटी का। वर्जिनिटी यानी कौमार्य। एक लड़की के कुंवारी रहने का सबूत होता है उसका कौमार्य। एक बार लड़की किसी के साथ शारीरिक संबंध बना लेती है तो उसका कौमार्य भंग हो जाता हैं। हालांकि, आज के डेट में लड़कियों की फिजिकल एक्टिविटी इतनी बढ़ गई है कि वर्जिनिटी लूज करने का एक कारण ये भी बनता जा रहा हैं। भारत में जहां लड़कियों के लिए उसकी वर्जिनिटी का महत्व सिर्फ शादी के लिए होता है, वहीं विदेश में लड़कियां भगवान की इस देन को ऑनलाइन बेचकर पैसे कमा रही हैं। जी हां, ब्रिटेन की एक स्टूडेंट ने तो ऑनलाइन ही अपनी वर्जिनिटी की सेल लगा दी। हैरानी की बात तो ये है कि उसकी इस सेल के बदले उसके खाते में अट्ठारह करोड़ रुपए भी आ गए।



### पैसे कमाने का आसान तरीका

बाइस साल की मेनचेस्टर की रहने वाली लौरा ने अपनी वर्जिनिटी को अट्ठारह करोड़ में बेच दिया। अपने इस फैसले का उसे कोई अफ़सोस नहीं हैं। लौरा के मुताबिक, वो एक धार्मिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। लेकिन, उसे आने वाले समय में अपनी जरूरतों के लिए अमीर शख्स को डेट करने में कोई आपत्ति नहीं हैं। पैसे कमाने के लिए वो शुगर डैडी की तलाश कर रही हैं। पैसे ही कमाने के लिए उसने ऑनलाइन अपनी वर्जिनिटी सेल की थी, जिसे एक रईसजादे ने अट्ठारह करोड़ में खरीद लिया।

*अचरज से फटी की फटी रह गई आंखें!*

# समंदर की गहराई में गए वैज्ञानिक तभी दिखी 'पीली ईंटों वाली सड़क'


**पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से ढका हुआ हैं। चारों तरफ महासागर मौजूद हैं। लेकिन, ये समंदर अपने अंदर आज भी कई रहस्यों को छुपाए हुए हैं, जिनके बारे में आए दिन खुलासे होते रहते हैं। यूट्यूब पर इसी तरह की खोज का एक वीडियो शेयर किया गया। इस वीडियो के मुताबिक साल 2022 में अमेरिका के हवाई द्वीप के ठीक उत्तर में एक गहरे समुद्र के अंदर मौजूद चोटी पर किए गए एक अभियान में एक आश्चर्यजनक खोज सामने आई। वैज्ञानिकों को वहां एक प्राचीन सूखी हुई झील का तल मिला, जो पीली ईंटों की सड़क जैसी दिखती है।**

**वॉशिंगटन।** यह दृश्य अन्वेषण पोत नॉटिलस द्वारा पापाहानामोकुआकेआ समुद्री राष्ट्रीय स्मारक के भीतर लिलिउओकलानी पर्वतमाला का सर्वेक्षण करते समय देखा गया। बता दें कि पापाहानामोकुआकेआ मरीन नेशनल मोनुमेंट को दुनिया के सबसे बड़े समुद्री संरक्षण क्षेत्रों में से एक माना जाता हैं। ये अमेरिका में मौजूद सभी समुद्री संरक्षण क्षेत्रों से बड़ा है, जिसके केवल 3 प्रतिशत हिस्से में ही वैज्ञानिक जांच कर सके हैं। महासागर अन्वेषण ट्रस्ट के रिसर्चर्स इस जंगल की सीमाओं का पता लगाने में जुटे हैं, जो समुद्र की सतह से 3,000 मीटर से भी अधिक नीचे स्थित है, और सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी इस अन्वेषण को देख सकता हैं। यूट्यूब पर खोज के तुरंत बाद ही इसका वीडियो साल 2022 में शेयर कर दिया गया था। इस वीडियो में एक हाइलाइट रील में उस क्षण को कैद किया गया था, जब गहरे समुद्र में वाहन चलाने वाले शोधकर्ता ओज की सड़क पर पहुंचे।



### अद्वितीय और आकर्षक भूवैज्ञानिक संरचनाएं

वीडियो में आ रहे रेडियो की आवाज में साइंटिस्ट्स की बातों को साफ सुना जा सकता हैं। रेडियो पर एक शोधकर्ता कहता है, 'यह अटलांटिस का रास्ता हैं।' तो दूसरी ओर से जवाब आता है, 'पीली ईंटों वाली सड़क?' टीम के एक अन्य सदस्य ने कहा, 'यह विचित्र हैं।' वैसे आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि समुद्र के लगभग एक हजार मीटर नीचे स्थित होने के बावजूद रिसर्चर्स द्वारा नूट्का सीमाउंट के शिखर पर खोजी गई झील का तल आश्चर्यजनक रूप से सूखा दिखता हैं। रेडियो पर टीम ने बताया कि जमीन लगभग 'पकी हुई परत' जैसी दिखती है, जिसे छीला जा सकता हैं। थोड़ी देर बाद वे उस चट्टान को तोड़कर भी दिखाते हैं। वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिखा है, 'पौराणिक शहर अटलांटिस के लिए जो 'पीली ईंट की सड़क' जैसा लग सकता है, वह वास्तव में प्राचीन सक्रिय ज्वालामुखी भूविज्ञान का एक उदाहरण है! हमारे दल ने लिलिउओकलानी रिज पर गोता लगाते हुए अविश्वसनीय रूप से अद्वितीय और आकर्षक भूवैज्ञानिक संरचनाओं को देखा हैं।'



### पृथ्वी के छिपे भूविज्ञान की मिलेगी जानकारी

उल्लेखनीय है कि वैज्ञानिक चट्टान की सतहों पर पाए जाने वाले फेरोमैंगनीज क्रस्ट के भीतर रहने वाले सूक्ष्मजीव समुदायों का अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही यह भी कि कैसे क्रस्ट की विशेषताएं महासागर बेसिनों में क्षेत्र दर क्षेत्र बदलती रहती हैं और उन पर और उनके भीतर रहने वाले सूक्ष्मजीव भी भी बदलते हैं। ये अध्ययन समुद्री पर्वतों के जीवित समुदायों के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान करने में मदद करेंगे जो प्रबंधन और संरक्षण उपायों को सूचित कर सकते हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि अनोखी 90 डिग्री की दरारें संभवतः इस पके हुए मार्जिन पर हुए कई विस्फोटों से उत्पन्न तापन और शीतलन तनाव से संबंधित हैं। पहली नजर में, इस प्रभाव को आसानी से एक अद्भुत नई दुनिया के रास्ते के रूप में समझा जा सकता है और यह पूरी तरह से गलत भी नहीं हैं। ईंटों से बने रास्ते पर चलना इस बात का संकेत है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और जल्दी ही पृथ्वी के छिपे हुए भूविज्ञान के बारे में बहुत कुछ जान सकेंगे।

# 2100 तक तकनीकी विकास बहुत बदल देगा इंसान का शरीर, शक्ल से लेकर हाथ तक दिखेंगे अलग!


**लंदन।** अगली सदी की शुरुआत में इंसान किस तरह के होंगे। उन पर आज की आधुनिक तकनीक का क्या असर होगा। क्या इसकी वजह से उनके शरीर में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। एक्स्पर्ट्स ने इसका आकलन करते हुए बताया है कि साल 2100 तक इंसानों के शरीर में तकनीकी विकास की वजह से कैसे बदलाव आएंगे। इसके लिए उन्होंने उस दौर के इंसान का 3 डी डिजाइन तक बनाया है।

### बहुत ज्यादा बदलाव हो जाएंगे

वैज्ञानिकों का मानना है कि लैपटॉप्स, स्मार्टफोन्स, और अन्य तकनीकों के रोजाना इस्तेमाल का इंसान के शरीर पर गहरा असर होगा और साल 2100 तक उनके शरीर में बहुत बड़े बदलाव दिखाई देने लगेंगे। इस वैज्ञानिक रिसर्च में एक्सपर्ट्स ने ऐसे ही बदलाव का गहराई से अध्ययन किया है।

### बना दिया भविष्य का मॉडल

वैज्ञानिकों ने अपने पूर्वानुमानों के आधार पर भविष्य के इंसान का एक मॉडल तक बना दिया है। उन्होंने उसे मिंडे नाम दिया है। उनका दावा है कि यह मॉडल आज के इंसानों की तुलना में काफी अलग है, क्योंकि तब तक कम्प्यूटर्स पर घंटों काम करने और फोन्स को देखते रहने के कारण उनमें बहुत बड़े और प्रभावी बदलाव आ जाएंगे।




### हाथ में भी हो जाएगा बदलाव

इस मॉडल को बनाने वाली कंपनी टॉलफ्रीफॉर्वर्डिंग डॉटकॉम के प्रमुख जेसन ओब्रायन का कहना है कि हमें तकनीकी के फायदों की कीमत चुकानी होगी और सुविधा, मनोरंजन और आसान संपर्क के बदले हमारी सेहत पर बुरा असर होगा। एक्सपर्ट्स ने यह भी अनुमान लगाया कि 100 साल के भीतर ही इंसान के हाथ लंबे समय तक मोबाइल पकड़े रहने के कारण पंजों की तरह हो जाएंगे।

### गर्दन पर सबसे ज्यादा असर

इस डिजाइन के मुताबिक मिंडी की गर्दन की नसें ज्यादा बड़ी होंगी जो कि उनके खराब पोस्चर या मुद्रा को संतुलित करने का नतीजा होगी। इन तस्वीरों को बनाने वाले मेपल होलिस्टिक में हेल्थ और वेलनेस एक्सपर्ट कैलेब बेके का कहना है कि घंटों तक फोन में देखते रहने से लोगों की गर्दन में तनाव आ जाएगा और रीढ़ का संतुलन बिगड़ जाएगा। इससे गर्दन की मांसपेशियों को सिर को सहारा देने के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ेगा। ऐसे में धड़ भी सीधा नहीं रह पाएगा।



### दिमाग भी सिकुड़ कर हो जाएगा छोटा

वहीं, फोन पकड़ने की वजह से क्यूबिटल टनल सिंड्रोम की समस्या दिखने लगेगी, जिससे आखिरी की दो उंगलियों में कमजोरी आ जाएगी। बाजू में दर्द और कोहनी में कमजोरी आ जाएगी। वहीं, स्मार्टफोन से निकलने वाले रेडिएशन का असर ऐसा होगा जिससे रेडिएशन से बचने के लिए उनकी खोपड़ी मोटी हो जाएगी, निष्क्रिय लाइफस्टाइल के कारण दिमाग भी सिकुड़ कर छोटा हो जाएगा।

# आइसक्रीम बच्ची की जीभ पर चिपकी, मूर्खता में कैंची से पीटने लगे लोग



**नई दिल्ली।** हादसे कभी भी किसी के साथ हो सकते हैं, लेकिन मुसीबत के समय सही निर्णय लेना ही सबसे बेहतर उपाय होता हैं। कभी-कभी घबराहट में लोग ऐसी मूर्खतापूर्ण हरकत कर बैठते हैं जिससे स्थिति और भी बिगड़ जाती हैं। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटी बच्ची के साथ हुई घटना ने सबको चौंका दिया हैं। वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि एक छोटी बच्ची की जीभ पर आइसक्रीम चिपक गई थी। यह घटना जितनी सामान्य लगती है, उतनी ही खतरनाक साबित हो सकती थी। बच्ची की तकलीफ को देखकर वहां मौजूद लोग घबरा गए और घबराहट में सही निर्णय लेने के बजाय अजीब कदम उठा लिया। बच्ची की जीभ पर चिपकी आइसक्रीम को हटाने के लिए उन्होंने कैंची का सहारा लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि लोग आइसक्रीम को हटाने के लिए लगातार कैंची से जीभ पर प्रहार कर रहे हैं।

### सूझबूझ और सही ज्ञान का इस्तेमाल करना हैं जरूरी

इस घटना से यही सीख मिलती है कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ और सही ज्ञान का इस्तेमाल करना जरूरी हैं। अगर कभी जीभ पर आइसक्रीम या कोई अन्य ठंडा पदार्थ चिपक जाए, तो गुनगुना पानी धीरे-धीरे डालकर उसे आसानी से हटाया जा सकता हैं। गलत तरीकों का उपयोग करने से नुकसान और भी बढ़ सकता हैं। यह वायरल वीडियो लोगों को यही संदेश देता है कि ऐसे हादसों में घबराने के बजाय समझदारी और सही उपाय अपनाने से ही सुरक्षित निकला जा सकता हैं।

## तीन दिन में घट जाता था तीन किलो वजन

# पचास साल पुराना डाइट चार्ट! यूं वजन कम करती थीं महिलाएं



**लंदन।** आज के समय में लोगों के सामने मोटापा एक बड़ी समस्या के तौर पर सामने आया हैं। लोगों की लाइफस्टाइल ऐसी हो गई है कि उनका वजन आउट ऑफ़ कंट्रोल होता जा रहा हैं। वजन जिस हिसाब से बढ़ता है, उसी हिसाब से लोगों को बीमारियां घेरती जा रही हैं। ऐसे में डाइट और एक्सरसाइज का चलन काफी बढ़ गया हैं। ऐसे कई कोच सामने आने लगे हैं जो लोगों की वजन कम करने में मदद करने का दावा करते हैं।

लेकिन अगर आपको ऐसा लगता है कि डाइट चार्ट और एक्सरसाइज आज के जमाने का चलन है तो जरा ठहरिये। लंबे समय से ही खासकर महिलाओं के लिए वजन कंट्रोल करना एक चुनौती के तौर पर देखा जाता हैं। पहले के समय में, खासकर अगर महिला मॉडलिंग फील्ड से है तो उसके लिए वजन कम रखना काफी जरूरी होता था। ऐसे में सोशल मीडिया पर आज से 48 साल पहले वोग मैगज़ीन में छपा एक डायट चार्ट काफी वायरल हो रहा हैं। इसे देखने के बाद लोग भी हैरान हैं।




### 1977 का डाइट प्लान

वायरल हो रहे वीडियो में वोग, जो कि एक फैशन मैगजीन है, उसमें छपा डायट प्लान देखने को मिला। इसे 1977 में पब्लिश किया गया था। इस प्लान के जरिये महिलाएं तीन दिन में अपना करीब ढाई किलो वजन घटा सकती थीं। इस प्लान में सिर्फ वाइन और अंडे शामिल थे। बताया जा रहा है कि इस प्लान के जरिये मॉडल्स किसी बड़े इवेंट से पहले अपना वजन कंट्रोल करती थीं। ऐसे में उनकी फोटोज काफी अच्छी आती थी।

### कुछ ऐसा था प्लान

इस प्लान में सुबह का नाश्ता, लंच और डिनर शामिल था। महिलाओं को एक दिन में पूरी एक बोतल शराब पीने की आजादी थी। नाश्ते में एक उबले अंडे के साथ एक ग्लास वाइन पीने की परमिशन थी। इसके बाद लंच में दो अंडे, जिसे उबाल कर या ऑमलेट बना कर खाया जा सकता था, के साथ दो ग्लास वाइन पी सकते थे। डिनर में महिलाएं डेढ़ सौ ग्राम चिकन खा सकती थी। इसके साथ सब्जियां और फिर बची हुई शराब। तीनों टाइम में एक कप ब्लैक कॉफ़ी भी शामिल थी। इस डाइट की मदद से मात्र तीन दिन में तीन किलो वजन घटाया जा सकता था।






भस्म में रंगे साधु

## काशी में उमड़ा भक्तों का रेला

# बाबा विश्वनाथ की मसाने होली

### 25 देशों के 2 लाख पर्यटक भी हुए शामिल



भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव मनाया गया। जमकर भक्तों ने होली खेली। सुबह 11 बजे शुरू हुई होली शाम 4 बजे तक लगातार चली। 25 देशों से 2 लाख से ज्यादा पर्यटक मसाने की होली खेलने पहुंचे। ऐसा पहली बार हुआ कि महिलाएं मसाने की होली में शामिल नहीं हुईं। दरअसल महाकुंभ समापन के बाद भीड़-भाड़ देखते हुए उनके आने पर रोक लगाई गई थी। महिलाओं को नाव से मसाने की होली देखने की गुजारिश की गई थी। बता दें, होलिका दहन 13 मार्च व रंगपंचमी 14 मार्च को है।



बाबा मसान नाथ की निकाली गई पालकी।



आयोजक गुलशन कपूर ने बाबा की आरती उतारी।

### विदेश मंत्रालय ने कहा- लुभावने प्रस्तावों से सावधान रहें लोग

# म्यांमार से छुड़ाए गए ठगी के शिकार 283 भारतीय नागरिक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने हाल ही में म्यांमार से 283 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के बाद नौकरी चाहने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है। मंत्रालय ने भारतीयों से विदेश में नौकरी के प्रस्तावों को स्वीकार करने से पहले नियोक्ताओं की साख और भर्ती एजेंटों की विश्वसनीयता को वेरीफाई करने की सलाह दी है। यह कदम तब उठाया गया जब पता चला कि ये नागरिक फर्जी नौकरी के ऑफर के बहकावे में आकर म्यांमार पहुंचे थे। भारतीय वायु सेना के एक विमान ने थाइलैंड के माई सोत हवाई अड्डे से सोमवार रात 283 लोगों को लेकर उड़ान भरी। ये लोग मंगलवार तड़के यहां पहुंच गए। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत सरकार म्यांमार सहित विभिन्न दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में रोजगार की फर्जी पेशकश के साथ लुभाने वाले रैकेट में फंसे भारतीय नागरिकों की रिहाई और प्रत्यावर्तन को सुरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

### नागरिकों से अपील

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'हमारे म्यांमार और बैंकॉक में स्थित भारतीय मिशनों को हाल ही में थाइलैंड और म्यांमार में कॉल सेंटर घोटालों और क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी नौकरी ऑफरों की जानकारी मिली है।' मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे लुभावने प्रस्तावों से सावधान रहें और किसी भी नौकरी को स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल करें।

## शर्मनाक

### दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत के

# दिल्ली एक बार फिर बनी सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी

*दुनिया के शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली एक बार फिर दुनिया सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। मंगलवार को प्रकाशित एक नई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर की बात की जाए तो इस लिस्ट में असम के बर्नीहाट का नाम सबसे ऊपर है।*


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### आईक्यूएयर की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट हुई जारी

इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के कारणों में वाहनों का धुआं, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं और कूड़ा जलाने से निकलने वाला धुआं शामिल हैं। स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'आईक्यूएयर' की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बना हुआ है, जबकि भारत 2024 में दुनिया का पांचवा सबसे प्रदूषित देश बन गया है जबकि साल 2023 में इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर था।

### भारत के ये शहर प्रदूषित

दुनिया के टॉप 20 प्रदूषित शहरों में से 13 भारत के हैं, जिसमें बर्नीहाट, दिल्ली, मुल्लानपुर (पंजाब), फरीदाबाद, लोनी, नई दिल्ली, गुरुग्राम, गंगानगर, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी, मुजफ्फरनगर, हनुमानगढ़ और नोएडा शामिल है। कुल मिलाकर 35 फीसदी भारतीय शहरों में वार्षिक पीएम2.5 का स्तर डब्लूएचओ की सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है।



### टॉप प्रदूषित शहरों की लिस्ट में 4 शहर पाक के

पाकिस्तान के चार शहर और चीन का एक शहर दुनिया के शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 सांद्रता में सात प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो 2023 में 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना में औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं।

**108.3 माइक्रोग्राम तक पहुंचा प्रदूषण :** दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर है, वार्षिक औसत पीएम 2.5 की सांद्रता 2023 में 102.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर 2024 में 108.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई है।

### टॉप 10 सिटी

*1.बरनिहाट, इंडिया 2. दिल्ली, इंडिया 3. कारागांडा, कजाखिस्तान 4. मुलानपुर इंडिया, 5. लाहौर, पाकिस्तान, 6. फरीदाबाद, इंडिया, 7. एनडाजमेना, चाड, 8 लोनी, इंडिया, 9. नई दिल्ली, भारत, 10. मुल्तान, पाकिस्तान।*

### प्रदूषण की वजह से होती हैं कई बीमारियां

पिछले साल प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ की स्टडी के मुताबिक, 2009 से 2019 तक भारत में हर साल लगभग 15 लाख मौतें संभावित रूप से PM2.5 प्रदूषण के दीर्घकालिक संपर्क से जुड़ी थीं। PM2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हैं, जो फेफड़ों और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे सांस लेने में समस्या, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर भी हो सकता है। स्रोतों में वाहन का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन और लकड़ी या फसल के कचरे को जलाना शामिल है।

### बोलने से रोका तो भड़के कांग्रेस नेता

## खड़गे के विवादित बोल

# क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- 'ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं।' इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं। खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए।' इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा, 'मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

### आखिरकार सरकार ने माना, ताजमहल में हो रहा रिसाव

लोकसभा में सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि बारिश के दौरान ताजमहल में पानी के रिसाव की एक घटना सामने आई तथा आश्वासन दिया कि वह ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रश्नकाल के दौरान एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जहां तक ताज महल के रखरखाव का विषय है तो यह बात सही है कि पानी के रिसाव की एक घटना सामने आई थी। लगातार बारिश के कारण जो स्थिति बनी, उसमें तुरंत सुधार किया गया है। केंद्र सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए काम कर रही है।

# अमेरिका ने पाकिस्तानी राजदूत को एयरपोर्ट से ही वापस लौटाया

## पाक की इंटरनेशनल बेइज्जती !



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान को एक बार फिर इंटरनेशनल बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। तुर्कमेनिस्तान में तैनात पाकिस्तान के राजदूत को वैध वीजा और सभी कानूनी यात्रा दस्तावेज होने के बावजूद अमेरिका में एंट्री करने से रोक दिया गया। उन्हें लॉस एंजिल्स से पाकिस्तान डिपोर्ट कर दिया गया।

द न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, केके अहसान वगान छुट्टी मनाने लॉस एंजिल्स जा रहे थे। लेकिन अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोककर तुरंत डिपोर्ट कर दिया। हालांकि, अमेरिका ने उन कारणों के बारे में नहीं बताया है, जिनके कारण राजदूत को निर्वासित किया गया। सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन से जुड़ी आपत्तियों की वजह से पाकिस्तानी राजदूत को डिपोर्ट किया गया है। बता दें कि राजदूत के तौर पर इमिग्रेशन में कई तरह की छूट मिलती है। लेकिन राजदूत वगान को ऐसी कोई सुविधा नहीं मिली है।

### ये है मामला

हालांकि, अमेरिकी प्रशासन के इस कदम से डिप्लोमैटिक प्रोटोकॉल पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वागान को पाकिस्तान सरकार इस्लामाबाद बुला सकती है। इधर, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने लॉस एंजिल्स में अपने वाणिज्य दूतावास को मामले की जांच करने का निर्देश दे दिया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने इस मामले को लेकर अमेरिकी दूतावास से संपर्क किया है।



## चिंतन

# वो दिन दूर नहीं जब पाक का एक और बंटवारा होगा

बहुत पुरानी कहावत है, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह खुद उसमें गिरता है। यही हाल पड़ोसी पाकिस्तान का हो रहा है। पाकिस्तानी हुकूमरान हरसंभव नापाक हरकत करते रहे कि किसी भी तरह से भारत को आतंकवाद की आग में झोंका जाए और वहां दहशत का माहौल बनाकर विश्व बिरादरी में भारत को बदनाम किया जाए, लेकिन हो गया है इसके बिल्कुल उलट। पाकिस्तानी सियासतदानों ने जिस आतंकवाद का भारत में दहशत फैलाने के लिए पोषण किया, उसे दूध पिलाया, आज वो उसे ही दहला रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन निकलता हो जब पाकिस्तान में बम धमाका न हो। हर रोज आतंकी वारदातें सामने आ रही हैं। मासूम नागरिक इसके शिकार हो रहे हैं। सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देशभर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 फीसदी इसी इलाके में हुई हैं। तहरीक-ए-तालिबान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया है। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में हालात क्या हो गए हैं। मंगलवार को तो इसके दो कदम आगे बढ़कर बलूचिस्तान को अलग देश बनाने के लिए हिंसक आंदोलन कर रहे बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया। क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं, जिसमें 6 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपने एक बयान में कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया, जिसमें 500 यात्री सवार थे। हमने सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। असल में बलूच का आंदोलन नया नहीं है। यह आजादी के बाद से ही सुलगता रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने से चार दिन पहले बलूचिस्तान को एक स्वतंत्र देश घोषित किया गया था और 1947 में पाकिस्तान को एक अलग राष्ट्र के रूप में बनाया गया था। इससे भी अधिक विडंबना यह थी कि बलूचिस्तान के शासक खान के मामले की पैरवी करने वाले वकील मुहम्मद अली जिन्ना थे, लेकिन बलूचिस्तान केवल 227 दिनों तक ही स्वतंत्र राष्ट्र रह सका। बाद में उसे पाकिस्तान में मिला दिया गया। इसी को लेकर बलूची नाराज हैं और लगातार अलग देश की मांग करते रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 फीसदी हिस्सा है। यह प्राकृतिक संसाधनों तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से समृद्ध है। अगर ये सब ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान का बांग्लादेश के बाद एक और बंटवारा हो जाएगा।



विमर्श
प्रो. महेश चंद गुप्ता

# सनातन संस्कृति में पर्यावरण समस्या का हल

> विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

भारतीय सनातन संस्कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनानत परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सब देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनकी अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है।

हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। 64 फीसदी हिंदू 'रीवाइल्डिंग' यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। अगर हिंदू पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं तो इसका मुख्य कारण यह है कि हिंदू धर्म में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की शिक्षा देती है। यही भाव हममें प्रकृति के प्रति एकात्मता का भाव विकसित करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब सनातन संस्कृति की यह सोच और व्यवहार मानवता के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह अध्ययन पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन के खतरों के दृष्टिगत बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से न सिर्फ सनातन संस्कृति और पर्यावरण के संबंधों का पता चलता है, वहीं यह बात भी साबित होती है कि दशकों पहले कामकाज के सिलसिले में विदेशों में बस गए हिंदू आज भी अपनी संस्कृति को आत्मसात किए हुए हैं। हिंदू सनातन धर्म में पर्यावरण केवल आध्यात्मिकता या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के प्रति एक गहरी जागरुकता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति में प्रकृति और जीव-जंतुओं को पूजनीय मानते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है। इससे हिंदू धर्म में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं है बल्कि धार्मिक आस्था और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि संपूर्ण सृष्टि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से बनी है। इन पंचतत्वों को संतुलित रखना जीवन का मूल



उद्देश्य है। इसी कारण पर्यावरण की शुद्धता और संतुलन बनाए रखना हिंदू दर्शन का प्रमुख भाग है। सनातन संस्कृति में पग-पग पर पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए गए हैं। नदियों को देवी मानकर पूजने के पीछे गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा आदि तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने की मंशा ही तो है।

हवन और यज्ञ में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग करने के पीछे पर्यावरण को शुद्ध करने की भावना निहित है। हमारे पुरखों ने योग और प्राणायाम के जरिए शुद्ध वायु का महत्व कितने वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। पेड़ों और वनस्पतियों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा के पीछे उनके संरक्षण की भावना ही तो है। सदियों पहले जिस तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हर घर में लगाने की परंपरा शुरू की, उसके औषधीय गुणों को आज वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। हमारे यहां प्राचीन काल में ही ऋषि-मुनि आश्रमों में वन लगाने को प्राथमिकता दी गई और आज भी मंदिरों और आश्रमों में पौधरोपण को पवित्र कार्य के रूप में करके उसका अनुसरण किया जा रहा है। हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हमारी शिक्षा पद्धति का प्राचीन काल से ही भाग रहा है। हमारे ऋषि-मुनि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हवन-यज्ञ करते थे। इससे वातावरण को साफ एवं समय पर वर्षा में मदद मिलती थी। मौजूदा समय में तो प्राचीन परंपराओं का अनुसरण करने की ज्यादा जरूरत हैं क्योंकि नदियों का जल कम एवं प्रदूषित हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और विश्व के कई तटीय शहरों के डूब जाने का अंदेशा है।

प्राचीन गुरुकुलों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता था तो मौजूदा दौर में भी कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर शोध एवं अध्ययन, अधिकाधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूलता के लिए स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी मान्यता है कि शुद्ध एवं साफ वातावरण में लक्ष्मी का वास होता है और इससे समृद्धि आती है, हमारे इस विचार को विदेशों में अपनाया गया है। विभिन्न देशों में विश्वविद्यालयों के लंबे-चौड़े, खुले परिसर एवं वहां सघन हरियाली इसका प्रमाण है। सनातन संस्कृति में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जहां गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं नाग पंचमी पर सांपों की पूजा कर उनके महत्व को भी स्वीकारा गया है। गंगा दशहरा और कार्तिक स्नान जैसे त्योहारों के माध्यम से जल शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया गया है। अद्र्धकुंभ, कुंभ और महाकुंभ में नदियों की सफाई और उनकी महत्ता पर बल दिया गया है। आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन की समस्याओं से जूझ रही है। इन समस्याओं का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति में खोजा जा सकता है। हमारी महान परंपराएं समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकती हैं। हिंदू धर्म में पुराने कपड़ों और सामान का पुनः उपयोग करने की परंपरा रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन का प्राचीन रूप नहीं तो क्या है। हमारे यहां शाकाहार को बढ़ावा इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज जानते थे कि शाकाहार को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। हिंदू सनातन धर्म और पर्यावरण संरक्षण की भावना परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव केवल धार्मिक नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन, सम्मान और संरक्षण को प्राथमिकता देती है। अगर आज पूरी दुनिया इन सिद्धांतों को अपना ले तो न सिर्फ पर्यावरण संकट को कम किया जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी निपटा जा सकता है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, वक्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

नो स्मोकिंग डे
योगेश कुमार गोयल




# धूम्रपान मुक्त जीवन ही है स्वस्थ भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'धूम्रपान निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य निकोटीन के आदी लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करना है। यह समाज पर धूम्रपान के दुष्परिणामों को उजागर करने और जीवन के स्वस्थ तरीकों तथा धूम्रपान मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का दिन है। पहली बार धूम्रपान निषेध दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। तब यह मार्च महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता था लेकिन समय के साथ यह मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने लगा। उसके बाद से यूके सहित कई देशों में यह एक वार्षिक कार्यक्रम की भांति मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय हमें यह याद दिलाता है कि धूम्रपान छोड़कर हम न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने से हृदय रोग, कैंसर और सांस की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है क्योंकि धूम्रपान पर खर्च होने वाले पैसे की बचत की जा सकती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि सिगरेट तथा अन्य धूम्रपान उत्पादों में मौजूद रसायन प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले लेते हैं। दरअसल सिगरेट के धुएं में ऐसे रसायन होते हैं, जो धूम्रपान के दौरान और बाद में शरीर पर घातक प्रभाव डालते हैं। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल 80 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। निकोटीन विकासशील मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों के बहुत जल्दी आदी हो जाने की भी संभावना है। धूम्रपान करने वाले बच्चों में निकोटीन अवसाद और चिंता से भी जुड़ा है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा बंद कमरे में धूम्रपान करना तो धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बेहद खतरनाक सिद्ध होता है, जिसके सबसे बड़े शिकार प्रायः घरों में बच्चे ही होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता बीड़ी-सिगरेट के आदी होते हैं, उन बच्चों में निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी सांस, गले और छाती की बीमारियां होना एक आम बात है। बच्चों में धूम्रपान के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण, कान में संक्रमण और अस्थमा का दौरा पड़ सकता है। जहां तक तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा की बात है तो यह इसलिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि बच्चों का मन-मस्तिष्क बहुत कोमल होता है और तंबाकू उद्योग बच्चों को लक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करता है। ऐसे ही तरीकों में तंबाकू उद्योग आकर्षक विज्ञापनों और मार्केटिंग अभियानों का सहारा लेता है, जिनके जरिये बच्चों को तंबाकू उत्पादों को आकर्षक और वांछनीय लगने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। सोशल मीडिया के जरिये भी तंबाकू कंपनियां बच्चों के साथ जुड़ने और उन्हें तंबाकू उत्पादों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती हैं। धूम्रपान करने से बच्चों को अनेक प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य संवर्धन विभाग के निदेशक डा. रूडिगर क्रेच कहते हैं कि वे इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तंबाकू उद्योग अनगिनत जिंदगियों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमाने के लिए इस हद तक जाएगा। उनके मुताबिक जैसे ही किसी देश की सरकार को लगता है कि उसने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई जीत ली है, तंबाकू उद्योग स्वास्थ्य नीतियों में हेरफेर करने और अपने घातक उत्पादों को बेचने के अवसर को अपनी पकड़ में ले लेता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में तंबाकू उद्योग के बढ़ते हस्तक्षेप से स्वास्थ्य नीति को बचाने के प्रयास लड़खड़ा गए हैं, इसीलिए उसने ऐसे में विभिन्न देशों से कार्रवाई तेज़ करने का आह्वान किया है। चूंकि धूम्रपान करने से बच्चों में इसकी लत लगने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जो उनके जीवन को कई प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसीलिए तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना समय की बहुत बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी यह भी है कि बच्चों तथा उनके माता-पिता को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप और तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और तंबाकू उत्पादों के उपयोग से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# अपने बल पर न करे घमंड न दूसरों को कमजोर समझे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली का त्योहार सामूहिक उमंग और उत्साह का प्रतीक

त्योहार और पर्वो की संस्कृति का देश है भारत। इसमें हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ये त्योहार मानव-समाज की उमंगों एवं आशाओं के प्रतीक हैं। मनुष्य सहज ही आशावादी होता है, आशा ही उसे प्रसन्न और कार्यशील रखती हैं। इसलिए आशाओं को जीवित और प्रचण्ड रखने के लिए वह पर्व, त्योहार आदि उत्सव मनाता रहता है। त्योहारों में मानव जाति को संस्कार और विचार देने की एक अन्तरधारा छिपी रहती है। जैसे गंगा-यमुना के प्रवाह के भीतर सरस्वती का प्रवाह छिपा है। वैसे ही हमारे देश में हर त्योहार व पर्व के भीतर एक आदर्श समाज की कल्पना और भावना, मानव जाति के पारस्परिक प्रेम, समानता, हर्ष-उल्लास का संस्कार और आदर्शों की कल्पना इन पर्वों के पीछे छिपी है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


# अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं: भारत



भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उसने तालिबान शासन के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है और लोगों से लोगों के 'विशेष' संबंध देश के भारत के मौजूदा जुड़ाव का 'आधार' रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। हरीश ने परिषद में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अफगान पक्ष ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।' उन्होंने कहा, 'यह निर्णय लिया गया कि भारत, अफगानिस्तान में जारी मानवीय सहायता कार्यक्रमों के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।' मिस्री और मुत्ताकी के बीच जनवरी में हुई बैठक, 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से भारत और तालिबान के बीच अब तक का सबसे उच्च स्तरीय संपर्क था।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## ट्रेंड

### मॉरीशस में स्वागत




मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक 'गीत-गवई' में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अस्पताल का लोकार्पण



उत्तम चिकित्सा सुविधाओं तक हर नागरिक की सुगम और सुलभ पहुंच की सुनिश्चितता हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आज झांसी में 200 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया। 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की सिद्धि में नया उत्तर प्रदेश सतत गतिशील है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### जनप्रतिनिधि का कर्तव्य



जन भावनाओं को सुनना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का काम भी करता है। दिल्लीवासियों की हर शंका का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सभी धर्मों का सम्मान



इस समय रमज़ान चल रहे हैं और होली का भी त्योहार आ रहा है। इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद ...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला। अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी' का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है।



## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता



बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर



दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर' के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।

### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े



सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादी 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।

### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज

## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना' में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*


# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर




*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं। टीजर देखकर आप सहम जाएंगे। ये टीजर रोमांस और रोमांच के साथ दिल की धड़कने वाला है। टीजर को देखकर लगता है कि इसमें प्यार और रोमांस के साथ-साथ सस्पेंस और डर का भी जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा।





# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?




# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी।



# देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है। देवोलीना ने आगे कहा, 'मैं कन्वर्ट नहीं हुई हूं और ना ही मेरे पति। ना मैंने उन्हें हिंदू बनाया और ना उन्होंने मुस्लिम। सब खुश रहिए, अच्छे से रहिए और मेरी लाइफ में दखलअंदाज ना करें। हमारी लाइफ है, हमें अपने हिसाब से जीने दीजिए।'



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे पूज्यनीय
**श्री प्रकाश मंडल जी**
का स्वर्गवास शनिवार दिनांक 08.03.2025 को हो गया है।
अतः दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आप से अनुरोध है कि
निम्नलिखित कार्यक्रम में सम्मिलित
होकर हमें कृतार्थ करें।

**श्रद्धांजलि सभा एवं पगड़ी बंधन**
**दिनांक 20.03.2025, गुरुवार**
**समय : दोपहर 3 बजे से**
**स्थान : श्री सनातन धर्म सभा,**
**शंकर रोड, राजेंद्र नगर नई दिल्ली-110060**

॥ शोकाकुल ॥
भ्राता- ओम प्रकाश मंडल, दिनेश कुमार मंडल,
डॉ. मनीष कुमार मंडल
पुत्र- सतीश कुमार मंडल, प्रदीप कुमार मंडल, प्रशांत कुमार मंडल,
पुत्री- पूजा

आरती स्पंज एवं शक्ति ग्रुप ऑफ कम्पनीज़
9977701715, 9111188888



धार्मिक

डा. ज्योति चंद्राकर

## होलिका दहन में डाड़ गाड़ना और कुंवारी होली



एहोलिका दहन असत्य पर सत्य के विजय का त्योहार माना जाता है। पुराणों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन बुआ होलिका ने भतीजे प्रहलाद को गोद में बिठाकर जलाना चाहा था,परंतु स्वयं जलकर राख हो गई और विष्णु भक्त प्रहलाद बच गया। इसी याद में रात्रि में होलिका दहन फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष के चतुर्दशी को किया जाता है। होलिका दहन प्रतीक है ,अत्याचार के विनाश का। जिसमें असत्य रूपी होलिका जल जाती है और सत्य रूपी प्रहलाद बच जाता है। होलिका दहन का त्योहार सामुदायिकता का त्यौहार है जिसे अंचल में सभी जाति के लोग समूह में मिलकर मनाते हैं । ग्रामीण अंचल में होलिका दहन का त्यौहार बसंत पंचमी के दिन से शुरू हो जाता है। वसंत पंचमी के दिन अरंड (अरंडी ) पेड़ की टहनी गांव के होलिका दहन करने वाले स्थल में गड़ा दी जाती है। इसी दिन से गांव में लकड़ी इकट्ठा करना, नगाड़ा बजाना शुरू किया जाता है। इस प्रकार एक महीने तक लकड़ी इकट्ठी की जाती है । ग्रामीण इसे डाड़ गाड़ना कहते हैं। गांव के सभी वर्ग के पुरुष होलिका दहन के मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन करते हैं। पूर्व समय में ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन के समय बैगा द्वारा पूजा कर मंत्र जाप करने के पश्चात चकमक पत्थर से अग्नि उत्पन्न कर उससे होलिका जलाई जाती थी, जिसे कुंवारी होली कहा जाता था। वर्तमान समय में चकमक पत्थर का उपयोग नहीं किया जाता।

लोकगीत

डा. राजन यादव

## अंचल में होली के अवसर पर गाए जाते हैं फाग गीत



छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख त्योहार दीपावली और होली का सम्बन्ध फसल चक्र से है। दीपावली खरीफ फसल से जुड़ा है तो होली रबी फसल से। फाग लोक गीतों का एक सरस अंग है। फाग गीत एक परिष्कृत तथा सांस्कृतिक रुचि का निर्देशन भी है। छत्तीसगढ़ में फाग गीत बसंत पंचमी से चैत्र पूर्णिमा तक सभी लोगों द्वारा नगाड़ा, टिमकी, टासक, मंजीरा आदि वाद्यों के साथ गाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन लोग अरंड वृक्ष की एक शाखा काट कर शहर या गांव के उस स्थान पर स्थापित करते हैं जहां होलिका दहन किया जाता है। गांव के चौपाल या मंदिर के चबूतरों या प्रांगण में रात्रि के समय लोग एकत्र होकर फाग गाते हैं। शास्त्र की तरह लोक में भी प्रथम पूजित गणेश जी का पावन स्मरण किया जाता है। वंदना परक फाग गीतों में भी जवांरा गीत की भांति एक ही गीत में कई देवी देवताओं के प्रसंग आते हैं -

ए हो प्रथम चरण गणपति को हो
गणपति को मनाव, प्रथम चरण गणपति को।
काकर पुत गणपति भए, का पुत हनुमान।
काकर पुत भैरव भए, काकर पुत भगवान ।

छत्तीसगढ़ी फाग गीतों के कथानक विस्तृत होते हैं। फाग गीतों में सभी देवताओं को बराबर स्मरण किया जाता है। युवा जन अपनी प्रेम भावना को राधा कृष्ण के प्रेम प्रसंगों के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

परब विशेष

कमल नारायण

## कवर्धा के आदिवासी तेरह दिनों तक मनाते हैं होली



छत्तीसगढ़ का अधिकांश हिस्सा आदिवासी बाहुल्य है, जिसमें होली त्योहार मनाने की परम्परा अन्य स्थानों से भिन्न होती हैं। यह आदिवासी वर्ष भर विभिन्न तीज त्योहारों उत्सव को रंगीन बनाने के लिए अलग-अलग तरीके से नाच गाना करते हैं। इनके उत्सव के अपने अलग रंग होते हैं। इसी तरह कबीरधाम जिले में निवासरत बैगा जनजाति फागुन तेरस तक होली मनाते हैं। खासकर यहां के बोड़ला और पंडरिया विकास खंड में आदिवासी एक दूसरे के गांवों में जाकर होली खेलते हैं जिसे खेकड़ा और खेकड़ी के नाम से जाना जाता है। यहां प्रस्तुत किए जाने वाले गीत और नृत्य को करमा फाग गीत कहते हैं। नृत्य के दौरान पुरुष और महिला मुखौटा पहने रहते हैं। गीत और नृत्य प्रस्तुति के समय नर्तक दलों द्वारा विशेष श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं श्रृंगार में तोड़ा, पहुंची, रुपिया माला, करधन और कौड़ी का उपयोग करते हैं। पुरुष वर्ग काली जैकेट, कमीज, सालुखा, मोर पंख की कलगी और गले में माला धारण करते हैं। सभी कलाकार अपने अनुसार , टासक वाद्य यंत्र का उपयोग करते हैं।

दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी देवी के मंदिर में कलश स्थापना के बाद फागुन मड़ई का शुभारंभ होता है। षष्ठी के दिन मड़ई के शुरुआत के दूसरे दिन तालाब से ताड़ के पत्तों को धोकर होलिका दहन के लिए रखा जाता है। मान मनौती और पूजा पाठ के साथ सामाजिक मेल मिलाप मड़ई का आकर्षण होता है। दंतेश्वरी माता की डोली में आंवले का फल चढ़ाया जाता है और बाद में लोग एक दूसरे पर आंवले की बौछार करते हैं। आमंत्रित देवी देवताओं को मेडका डबरा में ठहराया जाता है। दस दिनों की इस फागुन मड़ई में पूरी बस्ती लोकगीतों और लोक नृत्यों से गूंजती रहती हैं।





# दंतेवाड़ा में देवी-देवताओं के बीच मनाई जाती है फागुन मड़ई

बस्तर अंचल में दंतेवाड़ा की फागुन मड़ई का अपना अलग ही महत्व है। फागुन मड़ई के उल्लास में शामिल होने की दावत देव गुड़ियों में विराजमान देवी देवताओं को भी दी जाती है। वैसे इन देवी देवताओं की संख्या अधिक होती है। ग्रामीण जनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 39 गांवों की 55 देवियों को मड़ई में आमंत्रित किया जाता है, जबकि ग्राम बालूद के हिरमराज देव ही अकेले देवता के रूप में बुलाए जाते हैं। आमंत्रित देवियों में टेकानार की परदेशीन माता, हिरमा माता, शीतला माता, कोलाकामिनी माता, बालपेट की गंगना देवी, मटेनार की सेमरिया माता, बेलगुर की पातका देवी, मलेनार की पीलाबाई, कारली की धांस बोडिन माता प्रमुख हैं। दंतेश्वरी देवी के कलश स्थापना के बाद फागुन मड़ई का शुभारंभ होता है। षष्ठी के दिन मड़ई के शुरुआत के दूसरे दिन तालाब से ताड़ के पत्तों को धोकर होलिका दहन के लिए रखा जाता है, इसे ताड़ पलंगा विधान कहते हैं। अष्टमी के दिन खोर खोदनी विधान होता है। अर्थात आदिवासियों का समूह




दन्तेश्वरी देवी के सामने नृत्य करता है। अगले दिन मांडनी विधान में भी नृत्य किया जाता है। मान मनौती और पूजा पाठ के साथ सामाजिक मेल मिलाप मड़ई का आकर्षण होता है। फागुन मड़ई के अगले दिन चार दिन क्रमशः लम्हामार, कोडरीमार, चीतलमार, और गबरमार का आयोजन होता है। लम्हा यानि खरगोश, चीतल शिकार का स्वांग रचा जाता है। चतुर्दशी के दिन आंवरामार का आयोजन होता है। दंतेश्वरी माता की डोली में आंवले का फल चढ़ाया जाता है और बाद में लोग एक दूसरे पर आंवले की बौछार करते हैं। इसमें दर्शकों का मनोरंजन होता है। षष्ठी से लेकर दंतेवाड़ा के मड़का डबरा मैदान में फागुन माह के शुक्ल पक्ष के छठवें दिन दंतेश्वरी देवी का कलश स्थापित होता है। आमंत्रित देवी देवताओं को भी मेडका डबरा में ठहराया जाता है। रंग बिरंगी पालकी में ग्रामवासी इन्हें यहां लाते हैं। दस दिनों की इस फागुन मड़ई में पूरी बस्ती लोकगीतों और लोक नृत्यों से गूंजती रहती हैं। बसंत ऋतु में दंतेवाड़ा का जन जीवन फागुन मड़ई के सम्मोहन में बंध कर शंखनी और डंकनी नदी के संगम में इकठ्ठा होने लगता है।

पर्यटन : तपेश जैन

## सरगुजा अंचल के महत्वपूर्ण स्थलों में कैलाश गुफा



जशपुर अंचल में बगीचा से बतौली से होकर करीब 40 किलोमीटर गायबुड़ा के जंगल में कैलाश गुफा स्थित है। बताया जाता है कि यहां कभी भी बारिश गिरने लगती है। वर्ष भर यहां अधिकतर वर्षा होते देखी जाती है। गुफा के अंदर से बादल को निहारने पर ऐसा लगता है मानों हम पहाड़ की चोटी से बादल के करीब ही हैं। यह कैलाश गुफा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत गहिरा गुरु की तपोस्थली रही है। इस स्थल पर भगवान शिव का मंदिर दर्शनीय है। कैलाश गुफा के आसपास दुर्लभ प्रजाति की जड़ी बूटियां पाई जाती हैं । यहां पाई जाने वाली एक तेज बल वृक्ष प्रसिद्ध धाम केदारनाथ के बाद कैलाश गुफा में ही पाया जाता है, तेजबल वृक्ष की पत्तियां औषधि गुण से परिपूर्ण हैं। कैलाश गुफा के संदर्भ में संत गहिरा गुरु के पुत्र व बभ्रुवाहन बताते हैं कि यह स्थान प्राचीन ऋषि परंपरा का साक्षी है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हरियाली लिए कैलाश गुफा सरगुजा अंचल का सबसे ज्यादा महत्व का पर्यटन स्थल है।

लोक साहित्य

मृणालिका ओझा

## छत्तीसगढ़ी लोक कथाओं में लोक विश्वास

छत्तीसगढ़ी लोककथाएं लोक विश्वास रूपी रक्त द्वारा ही संचालित हैं। विश्व की समस्त लोक कथाओं में वहां के लोक मानस में व्याप्त लोक विश्वासों के छाप अंकित हैं। यह लोक विश्वास यदि एक ओर उन मान्यताओं की ओर संकेत करते हैं, जो हमारी आज की मान्यताओं तक की सुदीर्घ यात्रा में तय की गई दूरी को बताते हैं, तो दूसरी ओर हमारे आदिम जीवन के उस मस्तिष्क को भी प्रमाणित करते हैं जो कच्ची मिट्टी के घड़े सदृश था। छोटी छोटी घटनाएं मनुष्य को रहस्यमय ढंग से सोचने को विवश करती थीं, यह बात लोक कथाओं में व्यक्त लोक विश्वासों द्वारा ही अनुमानित हो सकती हैं। जब मनुज मस्तिष्क इतना सुविकसित व परिष्कृत नहीं था, जो किसी परिणाम के वास्तविक कारणों का पता लगा सके। अतः इन लोक विश्वासों के सहारे हम मनुष्य के हजारों हजारों वर्ष पूर्व व्यतीत जीवन को टटोलते हैं। इनमें से कुछ लोक विश्वास तो पारंपरिक होते हैं और कुछ सामयिक परिस्थितियों से उत्पन्न होते हैं। भय और आशंकाओं से पूरित मानव मन न मालूम कितने विश्वासों को जन्म दे रहा है और कितनों को जीवित रखने में सहायक बना है। कुछ विद्वानों के अनुसार अविवेक एवं अज्ञान ही लोक विश्वासों का जनक है। इस कथन की सत्यता पर हम विचार करने के लिए तब विवश हो जाते हैं जब आज के शिक्षित समाज में भी इन लोक विश्वासों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में श्वास लेते हुए देखते हैं। सभ्यता की चोटी पर पहुंचे देशों में आज भी जानवरों व पक्षियों के दर्शन, उनके द्वारा पथ पर आड़ करने, छींक आदि से संबंधित सैकड़ों लोक विश्वास व्याप्त हैं प्रायः विश्व के सभी देशों में यह अपने विभिन्न फलादेश के साथ मान्यता प्राप्त है जो हमारे आदिम संस्कारों के अवशेष हैं।



## रंगों से मिलन का पर्व होली

परम्परा

डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज

छत्तीसगढ़ की पवित्र वसुंधरा ने न केवल दिव्य रत्नों को जन्म दी हैं वरन्‌ बहुजन हिताय की सूक्तिवाक्यों को आत्मसात भी किया है। इसके हृदय स्थल में विविध पर्वों ने अठखेलियां की हैं और लोकमानस को आह्लादित भी किया है। तभी तो यहां की लोकधारा गा उठती है -
करता पहुनाई जन-जन का,जहां आँखों का पानी।
किशन के प्रेम रंगों में भीगती जहां राधा दीवानी।
सनातन धर्म में होलिका पूजन का विशेष महत्व है।जो सुख -सौभाग्य प्राप्ति का माध्यम भी है। जहां वसुधैव कुटुम्बकम्‌ की पवित्र भावना फलीभूत होती हुई दृष्टिगोचर होती है।

छत्तीसगढ़ में होलिका पूजन की अपनी अनूठी परम्परा और मान्यताएं विद्यमान हैजो कहीं न कहीं निश्चित रूप से 'सर्वेभवन्तु सुखिनः'की पवित्र भावना से अनुप्राणित सा लगता है। होलिका पूजन में जो यज्ञाहुतियां दी जाती हैं। उसके पीछे भी लोक धारणाएं और प्राचीन मान्यताएं हैं। जैसे -घी और सरसों तेल के दिये जलाना, सात गेहूं की बालियां और सात सफेद सूत के (धागे), हल्दी का तिलक,रोली, सिन्दूर, श्रीफल, लौंग, कपूर, काले तिल के दाने, राई, गाय के गोबर की उपलें (कंडा या छेना), चांवल, दही, हलुवा, मालपुवा और अरंड (अंडा) पेड़ की टहनी गाड़ना आदि। ऐसा मानना है कि सरसों तेल के दिये जलाने से भगवान काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

सात गेहूं की बालियां सप्ताह में सात दिन, विवाह में सात फेरे और सात अंक शुभ का प्रतीक है। सात कच्चे सफेद सूत का संबंध शनि ग्रह से है। इसके अर्पण से शनिदोष से मुक्ति मिलती है। उपलों को सात धागों से बांधने से बुरी शक्तियां बंध जाती हैं। सात पान के पत्ते चाहे अरंड या कपूरी पान के हो। इसके अग्निहोत्र से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और उन्नति की प्राप्ति होती



है। लौंग और कपूर की आहुतियों से सुख -शांति, धनवृद्धि, घर में बरकत और पितृ व देवदोषों के अलावा कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। काले तिल के दाने,नमक व राई से बाधाएं दूर ,पुण्य की प्राप्ति होती हैं। नारियल अर्पण से दृष्टिदोष, शारीरिक और मानसिक समस्याओं का निवारण होता है। होली की भस्म मस्तक पर धारण करने से राहु-केतु की महादशा से मुक्ति, पारिवारिक क्लेश और विवाद का अंत व वास्तुदोष का निवारण होता है। गाय के गोबर की उपलें नकारात्मक शक्तियों, घरेलू परेशानियों को दूर कर वातावरण को शुद्धता प्रदान करती हैं।

अरंड (अंडा) पेड़ की टहनी गाड़ने से समस्त रोगों का अवसान होता है और ये सहज रूप से गांव -शहर में उपलब्ध हो जाती हैं। इसके फल, पत्तियां, टहनियां रोगकारक जीवाणु , कीटाणु से रक्षा करती हैं। दुर्भिक्ष (अकाल), भूखमरी और रूग्णता से मुक्ति दिलाती है।

होली की रात्रि दैवी की जागरण की रात्रि होती है। तभी तो भक्तों और श्रद्धालुओं की मंडलियां भक्ति भाव से गा उठती हैं-अरे!सर ररा सुन ले मोर कबीर..

प्रथम चरण गणपति को मनाव, गणपति को मनाव।....अरे!

हां हां दे दे बुल ऊवा राधे को,
के ब्रज में होली होय।...
फागुन महराज अब के गये कब अइ हव।...

होली,प्रेम के रंगों में सराबोर हो जाने का संदेश देती है। साथ ही अभद्रता का त्याग कर भद्रता को अपनाने का पुरजोर समर्थन करती है। होली ,निष्कलुषित प्रेम का परिचायक है । जो भाईचारे के साथ जीने का आह्वान करती है। अंत में-
आओ खो जाएं हँसी ठिठोली में।

## खबर संक्षेप



### हिंदुस्तान जिंक ने किया सेरेंटिका से समझौता

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

### थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया



**नई दिल्ली।** थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

### जनवरी तक 1,61,150 इकाईयों को मिली स्टार्टअप की मान्यता




**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 जनवरी तक 1,61,150 इकाईयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गयी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इनमें से 28,511 इकाइयों को महाराष्ट्र में और 16,954 को कर्नाटक में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा, ''31 जनवरी 2025 तक, 1,61,150 इकाइयों को डीपीआईआईटी (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।''

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के चार माह के निचले स्तर पर आने के बीच रुपया मंगलवार को भारी गिरावट से उबरकर 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के रुख और अमेरिका में मंदी के डर और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी के बाहर जाने से स्थानीय मुद्रा में सुधार सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.37 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 87.39 तक चला गया।

### सेबी ने कर्ज मामले में जारी की आईआईएफएल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज को चेतावनी जारी की है।



यह चेतावनी कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग विभाग में ऋण देने को लेकर जांच-पड़ताल के संदर्भ में जारी की गयी है। आईआईएफएल कैपिटल ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सात मार्च, 2025 को एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है। नियामक ने एक अप्रैल, 2022 से 30 अप्रैल, 2024 की अवधि के लिए कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग प्रभाग द्वारा प्रबंधित कर्ज मामलों के संबंध में निरीक्षण किया।

# एयरटेल का तीव्र इंटरनेट सेवाओं के लिए मस्क की स्पेसएक्स से करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति वाली इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है।

एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है। बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। इससे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की सीधी पेशकशों को पूरक बनाने की भी परख होगी। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने कहा कि भारत में एयरटेल के ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एयरटेल भारत में स्टारलिंक की उपग्रह आधारित सेवा बेचेगी

### विश्वस्तरीय तेज गति का ब्रॉडबैंड मिलेगा

विट्ठल ने कहा, ''यह सहयोग भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी विश्वस्तरीय तेज गति वाला ब्रॉडबैंड लाने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय के पास विश्वसनीय इंटरनेट हो। स्टारलिंक, एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगी, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और सस्ता ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके।''





### ग्रामीण इलाकों में तलाशी जाएगी संभावनाएं

इस समझौते के तहत, एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के खुदरा स्टोर पर स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसर, भारत के सबसे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य सुविधाएं प्रदान करने की संभावना तलाशेंगे।

बैन एंड कंपनी और आईवीसीए ने जारी की रिपोर्ट

# उद्यम पूंजी कोषों का 2024 में भारतीय कंपनियों को वित्तपोषण 43 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के उद्यम पूंजी (वीसी) परिवेश ने 2024 में मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की। इस दौरान उद्यम पूंजी कोषों का वित्तपोषण सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- वित्त पोषण सालाना आधार पर बढ़कर 13.7 अरब डॉलर

बैन एंड कंपनी और आईवीसीए की रिपोर्ट कहती है कि उद्यम पूंजी कोषों के वित्तपोषण में आई यह तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई। वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए जिससे यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उद्यम पूंजी और वृद्धि वित्तपोषण के लिहाज से दूसरा बड़ा बाजार साबित हुआ।

**खास बातें**

- तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई
- वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए




### छोटे व मध्यम सौदे 1.4 गुना बढ़े

रिपोर्ट के मुताबिक, छोटे और मध्यम आकार के सौदे (पांच करोड़ डॉलर से कम) 1.4 गुना बढ़ गए और इनकी कुल सौदों में हिस्सेदारी करीब 95 प्रतिशत रही। वहीं पांच करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के सौदों की संख्या लगभग दोगुनी होकर कोविड महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही पिछले कैलेंडर वर्ष में भारतीय बाजार में 10 करोड़ डॉलर से अधिक आकार के बड़े सौदे भी 1.6 गुना बढ़ गए।

### उपभोक्ता प्रौद्योगिकी से 5.4 अरब डॉलर का वित्त हासिल

*रिपोर्ट कहती है कि उपभोक्ता प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और जनरेटिव एआई समेत सॉफ्टवेयर सेवा और वित्तीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों ने कुल वित्तपोषण का 60 प्रतिशत से अधिक आकर्षित किया। इसमें उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र 5.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल कर सबसे आगे रहा।*

### जेप्टो को मिला 1.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण

*रिपोर्ट के मुताबिक, यह तीव्र वृद्धि त्वरित आपूर्ति, शिक्षा प्रौद्योगिकी और बी2सी कारोबार में महत्वपूर्ण निवेश से प्रेरित थी। इसमें जेप्टो (1.4 अरब डॉलर), मीशो (27.5 करोड़ डॉलर) और लेंसकार्ट (20 करोड़ डॉलर) जैसी कंपनियों को मिले वित्तपोषण की प्रमुख भूमिका रही।*

### स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार

इसके अलावा सॉफ्टवेयर और जेनरेटिव एआई क्षेत्रों ने भी 1.7 अरब डॉलर जुटाकर वित्तपोषण की गति को बनाए रखा। रिपोर्ट कहती है कि बड़े यानी एंजल निवेशकों से लिए जाने वाले कर की व्यवस्था को खत्म करना, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर की दरों को कम करना और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक पंजीकरण को आसान बनाने जैसी सरकारी पहल ने स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल तैयार किया है।

### नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया

भारतीय उद्यम और वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के अध्यक्ष रजत टंडन ने कहा, '2024 में शुरू किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है, जिससे 2025 के लिए एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है। हमें खासकर विकास-चरण के निवेश में सौदे बढ़ने की उम्मीद है।'

# खाद्य तेल आयात फरवरी में आठ प्रतिशत घटा

सालाना आधार पर घटकर 8.85 लाख टन पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल फरवरी में भारत का खाद्य तेल आयात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 8,85,561 टन रहा है। उद्योग निकाय एसईए के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी, 2024 में खाद्य तेलों का आयात 9,58,852 टन का हुआ था।

- फरवरी 2024 में आयात 9,58, 852 टन रहा

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल) का आयात फरवरी, 2024 के 9,65,852 टन की तुलना में सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रह गया। इसमें 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन अखाद्य तेल शामिल हैं।

### बंदरगाह तक पहुंचने की कीमत मजबूत हुई

पिछले कुछ सप्ताह में, भारतीय बाजार में बंदरगाह तक पहुंचने की लागत के सापेक्ष कच्चे पाम तेल की कीमतें थोड़ी मजबूत हुई हैं। इसने कहा, ''हालांकि, वैश्विक बाजार में कमजोर मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता निकट भविष्य में भारतीय पामतेल आयात घटा सकती है। एसोसिएशन ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वनस्पति तेल की खपत में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दिसंबर में बढ़कर 119 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या दिसंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 118.99 करोड़ हो गयी। इसमें जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नवंबर में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी।

- जियो मोबाइल व फिक्स्ड लाइन में सबसे आगे

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम 47.66 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद भारती एयरटेल (28.93 करोड़) और वोडाफोन आइडिया (12.64 करोड़) का स्थान था। शहरी टेलीफोन ग्राहक बढ़कर दिसंबर में 66.34 करोड़ हो गए, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 65.99 करोड़ था। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण ग्राहक घटकर 52.66 करोड़ हो गये जो इससे पिछले महीने में 52.73 करोड़ थे। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलेस ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 115.07 करोड़ हो गयी जो इससे पिछले महीने नवंबर में 114.87 करोड़ थी। दिसंबर के अंत में वायरलेस टेलीघनत्व बढ़कर 81.67 प्रतिशत हो गया, जबकि नवंबर के अंत में यह 81.59 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने 39,06,123 वायरलेस ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने इस अवधि के दौरान 10,33,009 ग्राहकों को जोड़ा।

### वायर लाइन ग्राहकों की संख्या बढ़ी

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलाइन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत में बढ़कर 3.93 करोड़ हो गई, जो एक महीने पहले नवंबर, 2024 में 3.85 करोड़ थी। इससे देश में समग्र वायरलाइन टेली-घनत्व 2.73 प्रतिशत से बढ़कर 2.79 प्रतिशत हो गया।

# सोने में तेजी लौटी, चांदी फिसली

**सोना बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सोने में तीन दिनों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई तथा मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत मजबूती के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

- चांदी में 350 रुपय गिरकर 98,900 रुपए किलो रही

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की तेजी के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो पहले 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 40 रुपये की तेजी के साथ 88,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 19.30 डॉलर बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# खादी कारीगरों की मजदूरी अप्रैल से 20 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस साल एक अप्रैल से खादी कारीगरों की मजदूरी 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

- केवीआईसी के चेयरमैन ने दी जानकारी
- एक अप्रैल, 2025 से 2 .50 रुपए तक बढ़ाया जाएगा

मौजूदा समय में, 'स्पिनर' को चरखे पर प्रति हांक कताई के लिए 12.50 रुपये मिलते हैं, जिसे एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। बढ़ी हुई दर के अनुसार, उन्हें 15 रुपये प्रति हांक स्पून मिलेंगे। केवीआईसी के चेयरमैन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने चेयरमैन के हवाले से बयान में कहा, ''खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री पांच गुना होकर 31,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,000 करोड़ रुपये हो गई। खादी के कपड़ों की बिक्री छह गुना बढ़ गई यानी पहले के 1,081 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई।''

बयान में कहा गया,, ''कुल मिलाकर, 10.17 लाख नए व्यक्तियों को वित्तव र्ष 2023-24 में रोजगार मिला।'' उन्होंने कहा, ''अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन और बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति ने कारीगरों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।



### बुनकरों की आय में हुई वृद्धि

सरकार ने स्पिनरों और बुनकरों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे पहले, 17 सितंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर, कारीगरों की मजदूरी में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया गया



**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।' इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है।

# गिरावट से उबरकर सेंसेक्स निफ्टी लगभग स्थिर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति और अन्य आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखने को तरजीह दी।

- आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने दूरी बनाई

घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो (वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश) में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि अमेरिका में नरमी की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स शुरू में कमजोर खुला और कारोबार के दौरान, एक समय यह 451.57 अंक तक लुढ़का कर 73,633.60 अंक तक आ गया था। निफ्टी 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक नरमी की चिंताओं के बीच अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।''

### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में सर्वाधिक गिरावट इंडसइंड बैंक में आई। सेंसेक्स में शामिल अन्य शेयरों में इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन शामिल हैं।

## बैंक को लेखा चूक से 2,100 करोड़ रुपए का नुकसान

# इंडसइंड बैंक के शेयर में आया भूचाल, 27% टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।

- प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर टूटा

इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया।




### एजेंसी अप्रैल के शुरूआत में देगी रिपोर्ट

बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है।

### ब्रोकरेज हाउसेज ने घटाया टारगेट प्राइस

इंडसइंड बैंक के डेरीवेटिव्स पोर्टफोलियो में नुकसान की बातें सामने आने के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है। बीएसई सेंसेक्स 30 में शामिल इस स्टॉक के टारगेट प्राइस को नुवामा इंस्टीट्यूशल इक्विटीज ने घटाकर 750 रुपए कर दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अलावा मॉर्गन स्टैनली ने भी टारगेट प्राइस घटा दिया है।

### जांच के लिए बाहरी एजेंसी नियुक्त

बैंक की आंतरिक समीक्षा के अनुसार, इस वजह से दिसंबर, 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के लगभग 2.35 प्रतिशत तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों ने विसंगति के चलते 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। बैंक ने आंतरिक निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा और सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की है।

### बैंक के पास प्रबंधन के लिए पर्याप्त पूंजी

कठपालिया ने कहा, ''बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता इस एकमुश्त प्रभाव को झेलने के लिए बेहतर स्थिति में है। इस समस्या की पहचान बैंक ने खुद की... बैंक के पास इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त भंडार और पूंजी है।''

### शेयर एक साल के निचले स्तर पर

इंडसइंड बैंक का शेयर बीएसई में 27.17 प्रतिशत गिरकर 655.95 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 649 रुपये प्रति शेयर के अपने एक साल के निचले स्तर को छुआ।

## खबर संक्षेप

### कार ने ट्रक को टक्कर मारी, दो की मौत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को एक कार ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के रांची कोकर इलाके में राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पास तड़के करीब तीन बजे हुई।

### झोपड़ी में आग लगने से तीन जिंदा जले

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एजीसीआर एन्क्लेव के पास एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई, जिसमें जलकर तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा को इस घटना के संबंध में सोमवार रात दो बजकर 22 मिनट पर सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के तीन वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर रात दो बजकर 50 मिनट पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन सेवा के अधिकारी फिरोज ने झोपड़ी के अंदर से तीन लोगों के जले हुए शव बरामद किए जाने की पुष्टि की।

### सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों-स्टाफ नर्सों का विवाद

# ओपीडी का बहिष्कार, साइकिल स्टैंड में उपचार

हरिभूमि न्यूज:जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद थमने के बजाए दिन ब दिन और गहराने लगा है। घटना के सातवें दिन डॉक्टरों और स्टाफ ने ओपीडी का बहिष्कार कर दिया। ऐसे में वे अस्पताल के सामने साइकिल स्टैण्ड के पास दरी में बैठकर इलाज करने लगे। इधर इस तरह के हालातों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ जिम्मेदार जिला प्रशासन की भी किरकिरी होने लगी है।

■ कलेक्टर से लगाई गुहार

बीते 5 मार्च को जिला अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने प्रभारी सिविल सर्जन पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यव्हार करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं स्टाफ नर्सों ने भी प्रभारी सिविल सर्जन पर गंभीर आरोप लगाए। इस मामले को लेकर उन्होंने जिला अस्पताल से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से भी फरियाद लगाई। इसके बाद उच्चाधिकारियों से भी इस मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।



**जांच की टीम पर सवाल**

जांच के लिए जो टीम बनाई भी गई है उसकी कार्रवाई भी कहीं संतोषजनक नजर नहीं आ रही है। ऐसी स्थिति में अपने विभाग के साथ प्रशासन के बीच बढ़ती दूरी का नतीजा ओपीडी का बहिष्कार और साइकिल स्टैण्ड के सामने दरी में बैठकर इलाज करने के रूप में सामने आया। खास बात यह है कि जिला गठन के तकरीबन ढ़ाई दशक से अधिक समय के बाद जिले के सबसे बड़े अस्पताल में इस तरह के विवाद और आंदोलन हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इसके बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अमला धृतराष्ट्र बना बैठा है।

**जिम्मेदारों को झांकने तक की फुर्सत नहीं**

एनजीओ के मार्गदर्शन में विनोबा एप, उत्कृष्ट जांजगीर, संवाद, क्रिएटर हब जैसे दुनियाभर के दिखावे में सरकारी राशि और समय की बर्बादी करने वाले जिम्मेदार अफसरों को आम लोगों से सीधे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का जरा भी ध्यान नहीं है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जो न केवल गरीब तबकों का बल्कि मध्यमवर्गीय लोगों का भी उपचार कराने का एक मात्र ठिकाना है। वहां सप्ताह भर से प्रभारी अधिकारी और स्टाफ के बीच चल रहे विवाद के कारण व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है, लेकिन वाह रे! प्रशासन मौके पर जाकर मामले को सुलझाना और व्यवस्था बहाल कराना तो दूर की बात, चेम्बर में फरियाद लेकर पहुंचे सभी लोगों को भीतर आकर अपनी बात रखने तक की इज्जत नहीं दी।


### स्कूटी चोरी करते पकड़ा गया युवक, मिली तालिबानी सजा

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी के करते पकड़े गए युवक को तालिबानी सजा दिए जाने का मामला सामने आया है। कथित रूप से स्कूटी करते पकड़े गए युवक को तुलसी चौक में लोगों ने हाथ पैर बांध पर उसकी बेदम पिटाई की। अब इस घटना से जुड़ा वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को हिरासत में लेने के साथ ही उसका डॉक्टरी मुलाहिजा कराया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। हालांकि जिस युवक की लोगों ने पिटाई की वह आदतन बदमाश है ।











### दिव्यांग कैदियों के मामले में केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में दिव्यांग कैदियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं और देश भर की जेलों में दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 के क्रियान्वयन के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है।






# आईपीएस थानेदार ने गरीब ई-रिक्शा चालक को जेल जाने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बैटरी वाले आटो डीलर के खेल को पकड़ते हुए आईपीएस थानेदार ने गरीब आटो चालक को जेल जाने से बचा लिया। मामला कोटा थाने का है। हाईकोर्ट में दायर याचिका के मुताबिक याचिकाकर्ता प्रतीक साहू की ईवी ऑटो रिक्शा 20 जनवरी 2025 को कोटा थाना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। कोटा थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 54/2025 दर्ज किया। 28 फरवरी 2025 को पुलिस ने एक व्यक्ति से चोरी की ई-रिक्शा बरामद किया। उससे पूछताछ में मामला उल्टा निकला। उसने बताया कि वह किश्त में ऑटो डीलर से ऑटो लिया था। कुछ दिनों से वह किश्त नहीं पटा रहा था, जिसे डीलर नाराज था। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को तय की है। दरअसल, कोटा थाना क्षेत्र के रहने वाले याचिकाकर्ता प्रतीक साहू की ई-रिक्शा 20 जनवरी को चोरी हो गई। जिस पर उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट कोटा थाने में दर्ज कराई।

■ मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंचा



**असली आरोपी पर कार्रवाई नहीं**

याचिकाकर्ता प्रतीक साहू ने अपने एडवोकेट के जरिए कोर्ट को बताया कि, ई-रिक्शा मिलने पर उसे थाने बुलाया गया। थाने में उसके साथ गाली-गलौज और धमकी दी। ई-रिक्शा किससे खरीदी गई, इसके दस्तावेज दिखाने का दबाव बनाया। चोरी के केस में पीड़ित को ही गाली देने पर प्रतीक साहू ने वकील अमित कुमार के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस असली आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही है।





अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झलगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नेन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, डरपिनाराः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

VML.5794.2025HIN


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com